सोमवार, 10 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 15 |
| आर्द्रता | 51% |
| सूर्योदयः 6:13 | सूर्यास्तः 17:28 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




नीतीश कुमार ने चयनित करीब 50 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा -पृष्ठ 6

सुविचार : एक सफल मनुष्य होने के लिये सुदृढ व्यक्तित्व की आवश्यकता है।

# भारत 12 साल बाद फिर बना चैंपियंस ट्रॉफी का बादशाह

## न्यूज़ीलैंड को फाइनल में 4 विकेट से दी मात




**दुबई :** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में सफल रहा है। इसके साथ ही भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे सफल टीम बन गई है। वहीं रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बीते एक साल में दूसरा आईसीसी खिताब जीता है।

न्यूजीलैंड से मिले 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत का प्लेटफॉर्म तैयार किया। हालांकि, इसके बाद भारत को तीन झटके लगे। लेकिन फिर अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर ने आकर चौथे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की और टीम इंडिया को जीत की ओर लेकर गए। आखिरी में रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए जीत के रन बनाए।

भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने 83 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। जबकि श्रेयस अय्यर ने 48, केएल राहुल ने नाबाद 34, और शुभमन गिल ने 31 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने 10 ओवर में 46 रन देकर 2 विकेट झटके।

इससे पहले दुबई में आज टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 50 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 251 रन तक ही पहुंच पाई। विपक्षी टीम की तरफ से सबसे सफल बल्लेबाज डेरेल मिचेल रहे। जिन्होंने 101 गेंदों में 63 रन बनाए। मिचेल के अलावा माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेली।

विल यंग और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने न्यूजीलैंड को आक्रमक शुरुआत दिलाई थी, लेकिन जैसे ही दोनों आउट हुए, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों ने 11 से 41 ओवरों के बीच कसी हुई गेंदबाजी की। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट झटके।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

## राष्ट्रपति ने भारतीय टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट का इतिहास रचने पर खिलाड़ी, टीम प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ बधाई के पात्र हैं। भारत ने दुबई में न्यूजीलैंड को चार विकेट से फाइनल में हराकर तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा ,'' भारतीय टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई। भारत तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी।''

## वनडे प्रारूप को अलविदा नहीं कह रहा, अफवाहें मत फैलाइये : रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने कैरियर को लेकर तमाम अटकलों को रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद खारिज करते हुए कहा कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे। आस्ट्रेलिया दौरे के समय से ही रोहित की कप्तानी और टीम में उनकी जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी उनके कैरियर के लिये संजीवनी साबित हुई। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड पर चार विकेट से मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैं वनडे प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहा हूं। कृपया अफवाहें मत फैलाइये।'' भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,'' कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो हो रहा है, वो चलता जायेगा।''

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## प्रधानमंत्री मोदी ने एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।''

## आज संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में जोरदार हंगामे के आसार, विपक्ष ने बनाया सरकार को घेरने का प्लान

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है, जिसमें सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों को लेकर तीखी बहस होने की संभावनाएं हैं। बताया जा रहा है कि विपक्ष मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर, मणिपुर में हिंसा और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के संबंधों जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। जबकि सरकार का फोकस अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने, बजटीय प्रक्रिया पूरी करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने पर होगा। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी। क्योंकि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। विपक्ष ने कहा कि वह डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) संख्या के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाने में मुख्य भूमिका निभाई है, जिसके बाद चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के अंदर सुधारात्मक कदम उठाएगा। हालांकि, चुनाव आयोग ने टीएमसी के इस दावे को खारिज कर दिया था कि अन्य राज्यों के मतदाताओं को पश्चिम बंगाल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

## महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी : सीपीसीबी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनजीटी को सौंपी अपनी नयी रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी। सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण इसलिए आवश्यक था क्योंकि एक ही स्थान से अलग-अलग तिथियों और एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों में ''आंकड़ों की भिन्नता'' थी, जिसके कारण ये ''नदी क्षेत्र में समग्र नदी जल की गुणवत्ता'' को प्रतिबिंबित नहीं करते थे। बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को सात मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बार, जिसमें स्नान के शुभ दिन भी शामिल हैं, गंगा नदी पर पांच स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल निगरानी की है। रिपोर्ट में कहा गया है, विभिन्न तिथियों पर एक ही स्थान से लिए गए नमूनों के लिए विभिन्न मापदंडों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कोलीफॉर्म काउंट (एफसी) के परिमाण में अहम बदलाव देखे गए है।एक ही दिन एकत्र किए गए नमूनों के लिए उपर्युक्त मापदंडों के परिमाण भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न होते हैं।

## सरकार को अभी तक तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संभावित नाम नहीं मिले

**नयी दिल्ली :** लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा मार्ग प्रशस्त किए जाने के एक महीने से अधिक समय बाद भी सरकार को संबंधित उच्च न्यायालयों से उम्मीदवारों के नाम के प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। अठारह लाख से अधिक आपराधिक मामलों के लंबित होने पर विचार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अनुमति दी थी जो न्यायालय की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक न हो। संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय कानून मंत्रालय को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संबंधित उच्च न्यायालय कॉलेजियम से अभी तक कोई सिफारिश नहीं मिली है।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली :** कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर की दीवारों पर अज्ञात व्यक्तियों ने भारत विरोधी नारे लिखकर इसे विरूपित कर दिया। भारत ने मंदिर में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ 'कड़ी कार्रवाई' करने की मांग की है। अमेरिका में हिंदू समुदाय के पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की यह एक और घटना है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया। चीनो हिल्स लॉस एंजिलिस काउंटी की सीमा पर है।



'बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई। हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।'' पोस्ट में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया, ''हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति एवं करुणा कायम रहे।''

### भारत ने कैलिफोर्निया में मंदिर को अपवित्र करने संबंधी घटना की निंदा की

भारत ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई'' की मांग की। भारत ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया।






A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE

Four Square by Basu Hotel

PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA

For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545

For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241

THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS


## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**

Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रखता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**

*Chamber :* Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089

✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

## मणिपुर के कुकी-बहुल क्षेत्रों में बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित



**इंफाल/चुराचंदपुर :** मणिपुर में ''सुरक्षाबलों की कार्रवाई'' के खिलाफ कुकी-जो समुदाय द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन बंद के कारण रविवार को कुकी-बहुल क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। कांगपोकपी जिले में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत रही, जहां एक दिन पहले यानी शनिवार को कुकी-जो प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि 40 अन्य घायल हो गए थे। चुराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के अन्य कुकी-जो बहुल क्षेत्रों में भी प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें अवरुद्ध कर दीं। सुरक्षा बल अवरुद्ध सड़कों को खुलवाते दिखे। हालांकि, राहत की बात यह है कि ताजा हिंसा की कोई सूचना नहीं है। राज्य में कुकी-जो बहुल क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर बहुत कम वाहन देखे गए। आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील करते देखे गए। जिले के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-दो (इंफाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है तथा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गश्त की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और महिलाओं तथा पुलिसकर्मियों सहित 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। राज्य भर में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश का विरोध करने पर कुकी-जो बहुल जिले में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच उस समय झड़पें हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी।

## सोच-समझकर संवेदनशीलता से हो कार्रवाई

यह विडंबना ही है कि आजादी के पिचहत्तर साल बाद भी शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी अनिवार्य हक है। यह भी कि हमारी पुलिस अब तक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म नहीं समझी है और अकसर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर देती है। कमोबेश यही स्थिति सत्ता पक्ष की भी है कि वो अपनी आलोचना पर तल्ख होकर अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करने पर उतारू हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस का भी दायित्व बनता है कि अभिव्यक्ति की सही व्याख्या करे। उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करे। निश्चय ही ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में किसी राजनेता के बयान, फिल्मों, साहित्यिक अभिव्यक्ति पर भावनाएं आहत होने के आरोप लगाने का फैशन ही बन गया है। दरअसल, कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन-फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता। विडंबना यह है कि पुलिस भी सत्ता पक्ष के दबाव के चलते न्यायसंगत कार्रवाई नहीं कर पाती। यही वजह है कि पिछले दिनों सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की कविता पर प्राथमिकी दर्ज होने तथा अश्लील अभिव्यक्ति करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मार्गदर्शक टिप्पणियां की। इसमें प्रतापगढ़ी की कविता का मर्म समझे बिना उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही शीर्ष अदालत ने सरकारी दिशा-निर्देशों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखने को भी कहा, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो सके।

निस्संदेह, अदालत ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के रूप में अपरिहार्य होने का जिक्र करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि कम से कम आजादी के सात दशक बाद पुलिस को इसकी गरिमा का अहसास होना चाहिए था। कोर्ट ने नसीहत दी कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी और उसका वास्तविक अर्थ समझना चाहिए था। कविता इंसाफ और प्रेम को अभिव्यक्त करती थी, न कि हिंसा-दुर्भावना को। कोर्ट ने ऐसी ही टिप्पणी डिजिटल प्लेटफार्म के एक कार्यक्रम में भदेस-अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वाले रणवीर इलाहाबादिया को फिर से कार्यक्रम की अनुमति देते वक्त की है। कोर्ट ने चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के मायने अश्लील अभिव्यक्ति कदापि नहीं है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को सख्त लहजे में चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर वे नैतिकता व अश्लीलता की सीमाओं के अतिक्रमण करने का दुस्साहस कदापि न करें। अदालत ने सोशल मीडिया मंचों के दुरुपयोग पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार इस बाबत दिशा-निर्देश जारी करे ताकि सेंसर करने तथा मापदंडों का फर्क स्पष्ट हो सके, जिससे आनन-फानन में विचारों की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगाया जा सके। निस्संदेह, आजकल जब सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर असामाजिक व्यवहार मर्यादाओं की सीमा लांघना आम होता जा रहा है, इनका गाइडलाइन्स के जरिये नियमन जरूरी हो जाता है। लेकिन पुलिस-प्रशासन को जल्दबाजी में कार्रवाई करने के बजाय संवेदनशील ढंग से चीजों का अवलोकन करना चाहिए। यह जानते हुए कि किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति एक अपरिहार्य शर्त है। वैसे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी पहली बार नहीं आई। स्वतंत्र अभिव्यक्ति को लेकर कई बार मंथन भी होते हैं। लेकिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई में आवश्यक संजीदगी नजर नहीं आती। यही वजह है कि अदालतों में भावनाओं के आहत होने वाले कथित मामले लगातार आते ही रहते हैं। जबकि अधिकांश मामलों में राजनीतिक व धार्मिक दुराग्रह देखने को मिलते हैं। कई लोग बड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर चर्चा में आने का मौका तलाश लेते हैं। निस्संदेह, पुलिस-प्रशासन की संवेदनशीलता व सत्ता की उदारता से ही अभिव्यक्ति की आजादी की गरिमा रक्षित होगी। इसके अलावा महत्वपूर्ण यह भी है कि जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हम अपनी अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के प्रति सचेत रहें। हमारी उदासीनता समाज में निहित स्वार्थी तत्वों को मनमानी का अवसर देती है। स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिये बनाया गया जनता का दबाव सत्ता व पुलिस-प्रशासन को मनमानी करने से रोकता है।

# गुलाम कश्मीर की वापसी समस्या का अंतिम समाधान



प्रमोद भार्गव

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कश्मीर के हालात और भारत सरकार की तरफ से उठाए गए संवैधानिक कदमों के बारे में लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में 'विष्व में भारत का उदय और भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि कश्मीर के विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद संभव हो जाएगा। भारत का यह हिस्सा अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। वैसे हमने कश्मीर के सिलसिले में ज्यादातर मुद्दों का हल निकाल लिया है। इस बाबत कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद-370 का समापन पहला कदम था। कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधि और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था। तीसरा कदम कश्मीर में भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार चुनाव कराना था। इसमें मत प्रतिशत का अच्छा होना इस बात की तस्दीक है कि जम्मू-कश्मीर की जनता भारतीय लोकतंत्र का समर्थन कर रही है। अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे है, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा।'

पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कष्मीर के लोगों को विदेषी मानती है, बावजूद भारतीय कष्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कष्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। भारत की आजादी के पहले कष्मीर एक स्वतंत्र राज्य था। यहां डोगरा राजपूत वंश के राजा हरिसिंह शासक थे। कश्मीर में मुसलमानों की आबादी अधिक थी। इसलिए पाकिस्तान का मानना था कि कश्मीर उसके अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। इस मानसिकता के चलते पाक ने कश्मीर राज्य पर पाकिस्तान में विलय का नाजायज दबाव बनाया। लेकिन हरिसिंह इस दबाव में नहीं आए। तब 1948 में पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के वेष में कश्मीर पर हमला कर दिया। किंतु हरिसिंह की समय पर भारतीय सेना ने मदद की और पाक सेना को न केवल खदेड़ दिया, बल्कि संपूर्ण कष्मीर के एक तिहाई हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया। इसी बीच कष्मीर का मामला संयुक्त राश्ट्र में पहुंचा और 5 जनवरी 1949 को युद्ध विराम की घोशणा कर दी गई। युद्ध विराम के वक्त जो सेनाएं जिस भूमि पर थीं, उसे ही युद्ध विराम की रेखा मान लिया गया। यही आज नियंत्रण रेखा (एलओसी) मान लिया गया। इस कारण पीओके जिसे पाक अधिकृत कष्मीर कहा जाता है, वह पाकिस्तान के हिस्से में है और श्रीनगर समेत षेश कष्मीर भारत के हिस्से में है। पाकिस्तान जब तीन बार सीधी लड़ाई करके भारत से परास्त होता रहा तब उसने भारतीय सीमा में घुसपैठ करवाकर आतंकी हमले 1990 से षुरू किए जो आज भी जारी हैं। किंतु अब कष्मीर में 370 हटने के बाद षांति और विकास की हवा चल पड़ी है और कष्मीरी स्वयं आतंकियों की घुसपैठ की खबर स्थानीय पुलिस और सेना को देने लगे हैं। इन युद्धों और आतंकी घुसपैठियों की मदद में पाकिस्तान इतना धन और हथियार बर्बाद कर चुका है कि उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चैपट हो गई है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद उसके लिए अब पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मेबारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम

### संदर्भ- जयशंकर का बयान-

कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली थी। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है। लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसामुख में फंस चुकी है। देष में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही भारत के साथ तनावपूर्ण रिष्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गईं हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्श 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही। लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है।

निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो षिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में षिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। अहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं। मई 2010 में लाहौर में एक साथ दो अहमदी मस्जिदों पर कातिलाना हमला बोलकर करीब एक सौ निरीह लोगों की हत्या कर दी गई थी।

इस क्षेत्र में चीन बड़ा निवेष कर रहा है। ग्वादर में एक बड़ा सा बंदरगाह बनाया है। चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' इसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। चूंकि यह क्षेत्र आधिकारिक रूप से भारत के जम्मू-कष्मीर प्रांत का हिस्सा है, इसलिए यहां कोई भी बदलाव कई अंतरराश्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन होगा। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़के भारत में विलय होने की कोषिष में लगे हैं।

# उचित नहीं है क्रूर शासक औरंगजेब का महिमामंडन !



मनोज कुमार अग्रवाल

देश की राजनीति में मुगल शासक औरंगज़ेब चर्चा में है और समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के इसके महिमामंडन करने की कोशिश को लेकर विवाद बढ़ गया है। इतिहास में देखें तो सबसे विवादास्पद मुगल शासकों में सबसे बड़ा नाम औरंगजेब का है। औरंगज़ेब ने गैर-मुसलमानों पर जज़िया कर जैसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू कीं। औरंगज़ेब ने सिखों के गुरु तेग बहादुर का सिर कलम करवा दिया था। उसने गुरु गोविंद सिंह के बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया, वहीं संभाजी महाराज की आंखें फोड़ दीं और नाखून उखाड़ लिए। इसके शासन काल में भारत में शरियत के आधार पर फतवा-ए-आलमगीरी लागू किया और बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। काशी सोमनाथ मंदिरों को कष्ट करवाया और लाखों हिंदुओं की हत्या करवाई। इसकी क्रूरता के कारण करीब-करीब पूरे भारतीय उपमहादीप में मुगल साम्राज्य अपना सबसे ज्यादा विस्तार कर पाया। औरंगज़ेब की मृत्यु 1707 ईस्वी में हुई थी। कहा जाता है कि मौत से पहले इसको अपने किये पर पछताव था और औरंगज़ेब ने अपने बेटों, आजम शाह और काम बख्श को अपने खेद व्यक्त करने के लिए पत्र लिखे थे। इन पत्रों में उसने अपने पापों और असफलताओं के बारे में जिक्र किया। औरंगजेब ने अपने आखिरी पत्र में लिखा जो लिखा वह उसके पछतावे की कहानी कहता है। औरंगज़ेब ने मरने से पहले अपने बेटों को लिखी एक चिट्ठी में अपने पापों का ज़िक्र किया था। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा था कि उन्होंने लोगों का भला नहीं किया और उनका जीवन निरर्थक बीत गया। उन्होंने यह भी लिखा था कि उन्हें अपने पापों का परिणाम भुगतना होगा।

राम कुमार वर्मा की लिखी किताब 'औरंगजेब की आखिरी रात' में औरंगजेब के खत का मजमून कुछ यूं जिक्र किया गया है। अब मैं बूढ़ा और दुर्बल हो गया हूं।मैं नहीं जानता मैं कौन हूं और इस संसार में क्यों आया। मैंने लोगों का भला नहीं किया, मेरा जीवन ऐसे ही निरर्थक बीत गया। भविष्य को लेकर मुझे कोई उम्मीद नहीं है, मेरा बुखार अब उतर गया है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि शरीर पर केवल चमड़ी हो। दुनिया में कुछ लेकर नहीं आया था लेकिन अब पापों का भारी बोझ लेकर जा रहा हूं। मैं नहीं जानता कि अल्लाह मुझे क्या सजा देगा, मैंने लोगों को जितने भी दुख दिए हैं, वो हर पाप जो मुझसे हुआ है उसका परिणाम मुझे भुगतना होगा। बुराईयों में डूबा हुआ गुनाहगार हूं मैं।

बता दें कि औरंगजेब के पिता शाहजहां थे। औरंगजेब ने अपने पिता पर भी काफी जुल्म किये थे। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में कैद करके रखा और उन्हें पानी के लिए तरसाया था। शाहजहां ने अपनी आत्मकथा 'शाहजहांनामा' में औरंगजेब के लिए बहुत कठोर शब्दों का प्रयोग किया था। शाहजहां ने लिखा कि खुदा करे कि ऐसी औलाद किसी के यहां पैदा ना हो। शाहजहां ने औरंगजेब की तुलना हिंदुओं से की, जो अपने माता-पिता की सेवा करते हैं और उनकी मृत्यु के बाद तर्पण करते हैं। उन्होंने लिखा है कि औरंगजेब से अच्छे तो हिंदू हैं, जो अपने माता-पिता की सेवा करते हैं और उनकी मृत्यु के बाद तर्पण करते हैं।

सोशल मीडिया के ज़माने में लोग सुर्खियां बटोरने के लिए क्या-क्या नहीं करते ! कुछ नेताओं ने तो इसके जरिए प्रसिद्धि पाने का बढ़िया फॉर्मूला ढूंढ़ लिया है।।। 'कुछ भी उल्टा सीधा बोलें, सोशल मीडिया पर वीडियो क्रूरता, बर्बरता और निर्दयता से शासन किया था, अब यह किसी से छिपा नहीं है। वास्तव में औरंगज़ेब कई बुराइयों का प्रतीक है। उसने अनगिनत हिंदू मंदिर तोड़े थे, जजिया कर लगाया था, तीर्थस्थलों का अपमान किया था। उसकी क्रूरता के निशान आज भी देखे जा सकते हैं। ऐसे शख्स के शासन काल की दो-चार बातों को आधार मानकर उसे इस तरह पेश करना कि गोया 'वह कोई



महान हस्ती था', तो यह अस्वीकार्य है। अगर अर्थव्यवस्था की बेहतरी ही किसी शासक के श्रेष्ठ होने का प्रमाण है तो इस आधार पर हिटलर का भी गुणगान होने लगेगा, चूंकि जब उसने जर्मनी की बागडोर संभाली थी तो उद्योग-धंधों को काफी बढ़ावा मिला था। क्या इससे उसके गुनाहों को नज़र अंदाज़ किया जा सकता है? अबू आजमी यह भी कहते हैं कि औरंगजेब के शासन काल में भारत की।

सीमा अफगानिस्तान और म्यांमार तक पहुंच गई थी। वे यह क्यों भूल जाते हैं कि औरंगज़ेब ने सीमा विस्तार से पहले क्या-क्या कांड किए थे? उसने अपने पिता और भाइयों के साथ कैसा सलूक किया था? दारा शिकोह की जिस तरह हत्या करवाई गई, उसका विवरण पढ़कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस पर भी अबू आज़मी अपने फेसबुक पेज पर औरंगजेब का नाम बहुत ही आदर से लिखते हैं, जैसे उसने मानवता की बहुत बड़ी सेवा की थी! औरंगज़ेब के बारे में कुछ कथित इतिहासकारों ने बड़ी भ्रामक बातें फैला रखी हैं। ये विरोधाभासी भी हैं। एक तरफ कहा जाता है कि औरंगजेब टोपी सिलाई कर अपना खर्च चलाता था, दूसरी तरफ कहा जाता है कि वह राजकाज और सीमा विस्तार आदि में बहुत ज्यादा व्यस्त रहता था, उसकी ज़िंदगी का आखिरी हिस्सा सैन्य अभियानों में ही गुजर गया था! ये दोनों बातें एकसाथ कैसे संभव हैं? एक तरफ कहा जाता है कि औरंगज़ेब अपने लिए राजकोष से कुछ नहीं लेता था, दूसरीफ तरफ कहा जाता है कि उसका बहुत रौब था, पांच दशक तक मजबूती से राज किया! सवाल है-कौन अधिकारी या इतिहासकार ऐसे बादशाह से हिसाब मांग सकता था? क्या उसे अपनी गर्दन सलामत नहीं चाहिए थी? जब प्राकृतिक संपदा और कीमती धातुओं से संपन्न देश पर कब्जा था तो खर्चे की किसे फिक्र थी, रोकने वाला कौन था? औरंगज़ेब के समर्थन में कहा जाता है कि कई हिंदू राजा और उनके सैनिक भी उसके पक्ष में लड़े थे।।। अगर वह इतना ही बुरा होता तो ये लोग उसके साथ क्यों थे? असल में यह बहुत बचकाना तर्क है। कई हिंदू राजा और उनके सैनिक तो परिस्थितिवश अंग्रेजों के साथ भी रहे थे। क्या इस आधार पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के गुनाह भुलाए जा सकते हैं ? जो राजा अंग्रेजों के साथ थे, वे अपना राजपाट बचाने के लिए ऐसा कर रहे थे और जो सैनिक उनके झंडे तले खड़े थे, वे अपने सेनापति का आदेश मान रहे थे। यह न भूलें कि वर्ष 1857 में कई राज परिवार अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति में कूदे थे, कई सैनिकों ने अंग्रेजों पर धावा बोल दिया था। उनका एक ही मकसद था- 'अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति'। इसी तरह औरंगज़ेब के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज जैसे दिव्य पुरुष आए थे। अब आप ही तय कीजिए कि हमारे आदर्श वीर महापुरुष होने के चाहिएं, या औरंगजेब जैसे कोई खूनी क्रूर अत्याचारी बादशाह। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## विदेश की खबरें

### संविधान और संघीय गणराज्य की रक्षा करना साझा जिम्मेदारी है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने रविवार को सभी लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करने और संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के संविधान के सिद्धांतों और मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। पश्चिमी नेपाल के धनगढ़ी नगर पालिका क्षेत्र में प्रांतीय विधानसभा में भाषण देते हुए ओली ने कहा कि संविधान लोगों के लंबे बलिदान और संघर्षों के माध्यम से स्थापित किया गया है। ओली ने लोकतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व नेपाल नरेश ज्ञानेंद्र शाह द्वारा दिए गए बयान पर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि भावुक होने से राष्ट्र निर्माण में मदद नहीं मिलती है। फरवरी में लोकतंत्र दिवस पर ज्ञानेंद्र ने कहा था, ''समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता की जिम्मेदारी लें।'' प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वर्तमान संविधान किसी ने उपहार में नहीं दिया है, बल्कि जन प्रतिनिधियों द्वारा लिखा गया है और संविधान सभा के माध्यम से अधिनियमित किया गया है।

### इजराइल ने गाजा की बिजली आपूर्ति बंद करने की घोषणा की

**यरुशलम :** इजराइल का कहना है कि वह गाजा को बिजली की आपूर्ति बंद कर रहा है। इसका पूरा असर अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस क्षेत्र के विलवणीकरण संयंत्रों को पीने के पानी के उत्पादन के लिए बिजली मिलती है। रविवार को यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक सप्ताह पहले इजराइल ने 20 लाख से अधिक लोगों को क्षेत्र में सभी प्रकार की वस्तुओं की आपूर्ति बंद कर दी थी। इसने हमास पर दबाव बनाने की कोशिश की है कि वह अपने संघर्ष विराम के पहले चरण को आगे बढ़ाए। यह चरण पिछले सप्ताहांत समाप्त हो गया। इजराइल चाहता है कि स्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत करने के वादे के बदले में हमास शेष बंधकों में से आधे को रिहा कर दे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 मार्च, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष एकादशी, 07:46 तक, नक्षत्र : पुष्य, 24:51 तक, योग : शोभना, 13:57 तक, सूर्योदय: 5:51, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 14:18, चन्द्रास्त: 03:18, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 07:21 से 08:50

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपकी माताजी को स्वास्थ्य संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

**वृष :** आज दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कहासुनी होने की संभावना है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवनसाथी भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। परिवार में किसी सदस्य की कोई बात आपको बुरी लग सकती है।

**कर्क :** आज आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको अकस्मात लाभ मिलने के योग बनते देख रहे हैं। आपको अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आयेगा। आपको गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। साझेदारी में कोई डील फाइनल होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कुछ मानसिक समस्या परेशान करेंगी। आपको बिजनेस में भी मन मुताबिक लाभ न मिलने से टेंशन भरपूर रहेगी।

**तुला :** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेंगी। आपको अपने कामों में योजना बनाकर चलना होगा। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज के दिन आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको जीवन में एक नई दिशा मिलेगी। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो आपको उसमें वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी से धन को लेकर कोई लेनदेन बहुत ही लिखापढ़ी करके करें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अच्छी सफलता दिलाने वाला रहेगा। बिजनेस में आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा। संतान पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। धन संपत्ति का आपको लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिला करने आ सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ यादगार पल व्यतीत करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3028

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | | 23 |
| ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 | ■ | 27 | | |
| 28 | ■ | | ■ | 29 | | 30 | | ■ | |
| 31 | | | | | ■ | 32 | | | |

बायें से दायें:- 2) यह नहीं, 4) विचित्र, 7) इतराते हुए चलना, 9) अपरिहार्य, 10) बोना *(पौधा)*, 11) एक मादक पदार्थ, 13) संपूर्ण, 14) खलबली, 16) हस्ताक्षर, 18) अतिरिक्त, 19) होंठ, 20) एक संख्या, 21) एकमत, 24) सनाह; तावीज, 27) रोकड़, 29) इराक की राजधानी, 31) जिसका सिर झुका हुआ हो, 32) उत्साही; मजबूत.

ऊपर से नीचे:- 1) वस्तुविनिमय, 2) अन्यथा, 3) मैं का बहुवचन रूप, 4) एक फल, 5) भूतबाधा; संकट, 6) समभार, 8) कूड़ा-करकट, 12) सान्निध्य, 13) बहाने-बाज़ी, 15) एक तरह का पत्थर जिसपर चोट मारने से आग निकलती है, 17) गुच्छा, 22) निरंतर, 23) निशाचर, 25) संशय, 26) तरकारी, 28) एक बाजा, 29) बगुला, 30) शाबाशी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | रा | म | ख़ो | र | ■ | अ | क | स | र |
| ■ | ■ | लं | ■ | व | स | न | ■ | ला | मा |
| अ | मं | ग | ल | ■ | खा | म | खा | ह | ■ |
| ■ | ग | ■ | च | र्च | ■ | न | स | ■ | म |
| स | ल | वा | र | ■ | मो | ■ | क | पा | स |
| ■ | वा | ■ | ■ | स | ह | का | र | ■ | ख़ा |
| द | र | मि | या | न | ■ | फ़ि | ■ | ज | रा |
| रे | ■ | र | ■ | क | द | र | दा | न | ■ |
| रा | ज | गी | र | ■ | स्त | ■ | स | ता | ना |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2988

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | 2 | | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | 5 | | | | | | |
| | 8 | | | | | | 7 | |
| | | | | 3 | | | 4 | |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | 2 | | 7 | | | 6 | | |
| | | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | | | | | | 3 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2987 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 |

# जादवपुर कांड में पुलिस ने भास्कर, ओमप्रकाश और इंद्रानुज से की पूछताछ

**❑ जांच अधिकारियों ने जादवपुर के तीन और छात्रों का भी दर्ज किया बयान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय में हुए हालिया विवाद को लेकर पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाहक कुलपति भास्कर गुप्ता, तृणमूल कांग्रेस के प्रोफेसर नेता ओमप्रकाश मिश्रा, घायल छात्र इंद्रानुज राय और एसएफआई नेता सृजन भट्टाचार्य के बयान दर्ज किए हैं। इसके अलावा, जांच अधिकारियों ने जादवपुर के तीन अन्य छात्रों से भी पूछताछ की है।



विश्वविद्यालय में हुई घटना को लेकर अब तक आठ एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

इस मामले में कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट ने जादवपुर विश्वविद्यालय की अशांति पर रिपोर्ट मांगी है, जिसे तैयार कर अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस पर अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उधर, कार्यवाहक कुलपति भास्कर गुप्ता का इलाज ईएम बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अस्पताल जाकर उनका बयान दर्ज किया। भास्कर गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने उनसे बार-बार सवाल किए कि उस दिन कैंपस में कौन था और क्या कर रहा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो कुछ भी हुआ, सबने देखा है। पुलिस ने उनसे यह भी पूछा कि पिछले कुछ महीनों में कितनी बार छात्रों ने उन्हें घेरा है और उनकी आवाज की रिकॉर्डिंग भी की गई।

इस घटना में घायल छात्र इंद्रानुज राय का इलाज भी एक निजी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने उनसे भी पूछताछ की। इंद्रानुज के पिता अमित राय ने बताया कि पुलिस ने सामान्य पूछताछ की और उस दिन की घटनाओं के बारे में जानकारी मांगी। जादवपुर की इस घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस आईटी सेल के नेता देबांशु भट्टाचार्य ने एक वीडियो जारी कर बताया कि कैसे शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु की गाड़ी को लेकर विवाद बढ़ा। इसके जवाब में एसएफआई नेता सृजन भट्टाचार्य ने भी एक वीडियो साझा किया। इसके बाद पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे तक सृजन से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनसे उनकी राजनीतिक संबद्धता के बारे में पूछा और यह भी जानना चाहा कि उन्होंने वीडियो कहां से प्राप्त किया।

इसी बीच, दमदम में एसएफआई ने एक बड़ी रैली निकाली, जिसमें 'पढ़ाई करने वाला, गाड़ी के नीचे कुचला जाता है' जैसे बैनर लहराए गए। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री का पुतला भी जलाया। इस घटना को लेकर राजनीतिक हलकों में भी सरगर्मी बढ़ गई है, और पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# अस्पताल के सामने नशे की हालत में पड़ा मिला पुलिस कर्मी, अस्पताल की सुरक्षा पर उठे सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शनिवार रात को एक चौंकाने वाली घटना घटी। आरोप है कि कोलकाता पुलिस के कांस्टेबल अरुण कुमार दास आपातकालीन विभाग के गेट के सामने सफेद वर्दी में नशे की हालत में गिरे पड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह पूरी तरह से नशे में थे और जमीन पर लोटपोट हो रहे थे। यह घटना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। गौरतलब है कि सात महीने पहले आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या की दर्दनाक घटना सामने आई थी। इसके बावजूद, क्या अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है? कांस्टेबल अरुण कुमार दास के इस व्यवहार ने फिर से यह सवाल खड़ा कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, फिलहाल कांस्टेबल अरुण कुमार दास को क्लोज कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब उनके सहकर्मियों ने उन्हें उठाने की कोशिश की, तो वे ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे और उनकी जुबान लड़खड़ा रही थी। खबर है कि उन्हें तुरंत क्लोज कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें सस्पेंड भी किया जा सकता है। हालांकि, आरोप है कि शनिवार के बाद रविवार को भी उन्होंने बैरक में शराब पी। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी वे कई बार इस तरह की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

पिछले साल आर.जी.कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी। अब इस ताजा घटना के बाद विपक्ष ने भी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

# जादवपुर मामले में सौगत-विकाशरंजन की तीखी नोकझोंक, प्रशासनिक नियंत्रण की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में जारी विवाद के बीच तृणमूल सांसद सौगत रॉय और सीपीएम नेता विकाशरंजन भट्टाचार्य के बीच तीखी बयानबाजी हुई। सौगत रॉय ने कहा कि जादवपुर में लंबे समय से जो कुछ हो रहा है, उसे रोकना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई वामपंथ विरोधी व्यक्ति विश्वविद्यालय में प्रवेश करता है, तो उसे प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेसिडेंसी कॉलेज में सत्तर के दशक में प्रशासन ने जिस तरह से कार्रवाई की थी, वैसे ही कदम अब भी उठाने होंगे।

इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सीपीएम नेता विकाशरंजन भट्टाचार्य ने तृणमूल कांग्रेस पर आरएसएस के प्रवक्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि



जादवपुर ज्ञान और मेधा का केंद्र है और किसी भी तरह की प्रशासनिक सख्ती का कड़ा विरोध किया जाएगा। विकाशरंजन ने चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता के पैसों से चलती है, न कि किसी पार्टी के पैसे से। जादवपुर में बढ़ते विवाद के बीच अब पूरे राज्य में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जबकि तृणमूल सांसदों ने प्रशासनिक नियंत्रण की मांग उठाई है।

# पीएम मोदी से मिलना चाहती है कोलकाता रेप-हत्या पीड़िता की मां

**कोलकाता :** महानगर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेप-मर्डर का शिकार हुई महिला डॉक्टर की मां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इंसाफ की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि वो पीएम मोदी से मिलना चाहती हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं पीएम से मिलना चाहती हूं। उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने और हमारी बेटी के लिए न्याय की हमारी अपील पर विचार करने की मांग करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी ने बड़े सपने देखे थे। हमें कभी नहीं लगा था कि उसे इतनी दर्दनाक मौत मिलेगी। पीड़िता की मां ने कहा कि सात महीने हो गए, लेकिन न्याय कहां है? हमारे पास तो अभी तक उसका मृत्यु प्रमाणपत्र भी नहीं है। उन्होंने सवाल किया, 'अगर एक महिला चिकित्सक अपने कार्यस्थल पर असुरक्षित है, तो सुरक्षा कहां है?' प्रधानमंत्री से मिलने की मां की इच्छा पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी की विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा, 'प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगने की एक प्रक्रिया होती है। मुझे यकीन है कि हमारे प्रधानमंत्री उन्हें (माता-पिता को) कुछ समय देंगे और उनकी अपील सुनेंगे।' पीड़िता के माता-पिता ने बीते दिनों निराशा जताई थी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे मुलाकात नहीं की। वे 27 फरवरी को दिल्ली आए थे और फिर कोलकाता अपने घर लौट गए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे न्याय की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे, चाहे केंद्र और राज्य दोनों ही स्तर पर सत्ताधारी उदासीन बने रहें। पीड़िता के पिता ने कहा, 'हम भीख नहीं मांग रहे हैं। हम न्याय की मांग कर रहे हैं लेकिन जब हमने राष्ट्रपति से समय मांगा तो हमें बताया गया कि उनके पास अभी समय नहीं है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को भेजे गए हमारे दो ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। क्या हम देश के नागरिक नहीं हैं? क्या हमारी बेटी देश की नागरिक नहीं थी?'

# जादवपुर के कुलपति अस्पताल से डिस्चार्ज, 15 दिन तक घर पर करेंगे आराम

**कोलकाता, समाज्ञा**

जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति भास्कर गुप्ता को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें अगले 15 दिनों तक पूर्ण विश्राम करने की सलाह दी है। इस दौरान वे किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगे और न ही किसी से मुलाकात करेंगे। जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच कुलपति की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। शुरुआत में उनका घर पर इलाज चल रहा था, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को अस्पताल में भर्ती किए गए कुलपति को रविवार को डिस्चार्ज कर दिया गया, हालांकि वे अभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हैं। उनकी पत्नी केया गुप्ता ने कहा, हम अभी-अभी अस्पताल से घर लौटे हैं। डॉक्टरों ने 15 दिनों तक बेड रेस्ट की सलाह दी है। जब तक संभव होगा, मैं उन्हें घर पर ही रखूंगी। विश्वविद्यालय लौटने के सवाल पर उन्होंने कहा, अभी यह संभव नहीं है।

इस बीच, शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि एक राजनीतिक दल कुलपति को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है, जो अस्वीकार्य है। जादवपुर कांड की जांच के तहत पुलिस ने शिक्षा मंत्री के वाहन चालक से पूछताछ की है, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

## टेरिटी बाजार में दो गुटों के बीच मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** बऊबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेरिटी बाजार के 22 नंबर के सामने शनिवार शाम करीब 6:30 बजे दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। इस घटना में कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों गुटों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बऊबाजार थाने में इस संबंध में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस इलाके में निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है।



आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत बनाम न्यूजीलैंड का खेल देखने की धूम, कोलकाता स्थित एक मॉल में बड़े परदे पर किया गया सीधा प्रसारण

# फर्जी काल सेंटर के जरिए विदेशियों से मोटी रकम वसूलने वाले पांच गिरफ्तार

**❑ माइक्रोसाफ्ट की तकनीकी सहायता देने का देते थे झांसा**
**❑ इलेक्ट्रानिक उपकरण, फर्जी लेटर और कई चेक जब्त**

**कोलकाता :** कोलकाता से सटे विधाननगर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के सौरव गांगुली एवेन्यू के गणपति कुंज स्थित एक फ्लैट में छापेमारी कर पुलिस ने एक फर्जी काल सेंटर का राजफाश कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। काल सेंटर से इलेक्ट्रानिक उपकरण, फर्जी लेटर और कई चेक जब्त किए गए हैं। साथ ही दर्जनों मोबाइल, तीन लैपटाप और कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आरोपित फर्जी काल सेंटर के जरिये खुद को माइक्रोसाफ्ट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर तकनीकी सहायता देने के नाम पर लोगों को बल्क मैसेज और ईमेल भेजते थे। इसके माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को विशेष रूप से निशाना बनाया जाता था। उन्हें माइक्रोसाफ्ट की तकनीकी सहायता देने का झांसा देकर उनके सिस्टम को हैक कर मोटी रकम वसूली जाती थी।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार लोगों की पहचान शिवम सिंह उर्फ सनी सिंह (30), प्रणव दे (36), संपद घोराई (20), सादुल इस्लाम (25) और हर्ष खेमानी (23) के तौर पर हुई है। सादुल नारायणपुर थाना क्षेत्र का निवासी है, जबकि शिवम और हर्ष बागुईहाटी के ज्यांग्रा के रहने वाले हैं। प्रणव एयरपोर्ट थाना के गोपालपुर और संपद पूर्व मेदिनीपुर के पोलाशपुर के निवासी हैं। फ्लैट में अवैध काल सेंटर चलाया जा रहा था। छापेमारी में आरोपित काल सेंटर का कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

पुलिस का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ बीएनएस और भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर उनसे जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता लगा रही है।

# 8 साल के बाद सब इंस्पेक्टर अमिताभ मालिक हत्या मामले में प्रकाश गुरुंग गिरफ्तार

**दार्जिलिंग :** 2007 में गोरखालैंड आंदोलन के दौरान हुए सब इंस्पेक्टर अमिताभ मालिक की हत्या मामले में प्रकाश गुरुंग को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 107 दिनों का बंद बुलाया गया था। आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस के साथ आंदोलनकारियों की मुठभेड़ हुई थी जिसमें सब इंस्पेक्टर दार्जिलिंग की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, पुलिस एसआई अमिताभ मल्लिक की हत्या मामले में भारतीय गोरखा जनशक्ति फ्रंट के संस्थापक और केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रकाश गुरुंग को गिरफ्तार किया गया है। गुरुंग ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। वह पूरी तरह निर्दोष है। उनकी गिरफ्तारी के पीछे राजनीतिक षडयंत्र है।इस मामले में बिमल भी मुख्य आरोपियों में थे। लेकिन उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली गई थी। गौरतलब है कि 2017 में दार्जिलिंग में अशांति के दौरान मोर्चा सुप्रीमो बिमल गुरुंग की तलाश में 13 अक्टूबर को



दार्जिलिंग के सिरबारी जंगल में एक ऑपरेशन के दौरान एसआई अमिताभ मलिक की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस घटना का मुख्य आरोपित बिमल गुरुंग थे। घटना की जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को दी गई थी।

**Notice Inviting e-Tender**
e-Tenders are invited for 1) Elevator, 2) Split Air Condition and 3) Furniture. Last date of submission of e-tender is **22.03.2025.** For submitting e-tenders please visit **www.wbtenders.gov.in** .
**Sd/- Principal**
**Sammilani Mahavidyalaya, Kolkata**

## आरजी कर अस्पताल मामला: कोलकाता में न्याय की मांग को लेकर रैलियां निकाली गईं



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर रविवार को कोलकाता में दो रैलियां निकाली गईं। ये रैलियां कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा इस जघन्य अपराध के सात महीने पूरे होने पर आयोजित की गईं। इन रैलियों में एक मार्च को यादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के वाहन की कथित तौर पर टक्कर लगने से एक छात्र के घायल होने की घटना की भी निंदा की गई। दोनों रैलियां हाजरा क्रॉसिंग और एस्प्लेनेड से शुरू हुईं और रवींद्र सदन पर समाप्त हुईं। रैलियों में भाग लेने वालों ने मांग की कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में शामिल सभी लोगों को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा न्याय के कठघरे में लाया जाए। सीबीआई कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपराध की जांच कर रही है।

# हावड़ा से सॉल्टलेक के बीच मई के अंत तक शुरू हो सकती है मेट्रो सेवा!

**अंतिम चरण में मेट्रो परियोजना, जल्द मिलेगी हरी झंडी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की बहुप्रतीक्षित हावड़ा मैदान-सेक्टर फाइव मेट्रो सेवा मई के अंत तक शुरू हो सकती है। एस्प्लेनेड-सियालदह खंड जुड़ने के साथ ही यात्रियों को तेज और सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। मेट्रो सेवा शुरू होते ही हावड़ा से सियालदह मात्र 11 मिनट में और हावड़ा से सेक्टर फाइव 25 मिनट से भी कम समय में पहुंचा जा सकेगा। इस परियोजना को पूरा करने के लिए कार्य अंतिम चरण में है और तेजी से प्रगति कर रहा है।



मेट्रो सूत्रों के अनुसार, सियालदह-एस्प्लेनेड खंड को जोड़ने के लिए बउबाजार पूरी तरह तैयार है। हाल ही में अमेरिकी संगठन इंटरनेशनल सेफ्टी ऑडिट एसोसिएशन ने ढाई दिन तक इस क्षेत्र का निरीक्षण किया। यदि संगठन सुरक्षा को हरी झंडी देता है, तो मार्च के अंत तक रेलवे सुरक्षा आयुक्त का निरीक्षण कराया जाएगा। सीआरएस की स्वीकृति मिलते ही एस्प्लेनेड-सियालदह मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू हो सकेगी। यह खंड 2.63 किमी लंबा है, लेकिन बउबाजार क्षेत्र में बार-बार आने वाली तकनीकी बाधाओं के कारण इसके निर्माण में लगभग 6 साल लग गए। अब अंतिम स्वीकृति के लिए केवल सीआरएस की अनुमति शेष है। निरीक्षण के बाद, सुरक्षा आयुक्त अपनी सिफारिशें देंगे, जिनके आधार पर अंतिम कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार से फायरप्रूफ सर्टिफिकेट लिया जाएगा और फिर ट्रायल रन किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में अप्रैल तक का समय लग सकता है, और मई में व्यावसायिक सेवा शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, मेट्रो प्रशासन ने इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। बउबाजार खंड में इस समय सिग्नल परीक्षण चल रहा है, जो अगले सप्ताह तक पूरा हो सकता है। इसके बाद सुरंग के क्रॉस पैसेज में फायरप्रूफ दरवाजे लगाए जाएंगे। इस सेवा के शुरू होते ही यात्रियों को 16.6 किमी लंबी निर्बाध मेट्रो सेवा का लाभ मिलेगा।

**Press Notice**
e-Tender is hereby invited by the Executive Officer, Barabazar Panchayat Samity, Dist-Purulia vide **NIet no. 11/BZR/PS of 2024-25/SI no. 01 to SI no. 02 dated 07.03.2025** for 02 nos. scheme bearing **Tender Id : 2025_DM_825139_1,2** under **IMDP** fund. Online bid submission commences on and from **08.03.2025 at 10.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **22.03.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website **wbtenders.gov.in**
**Sd/-**
**Executive Officer**
**Barabazar Panchayat Samity**

**Press Notice**
e-Tender is hereby invited by the Executive Officer, Barabazar Panchayat Samity, Dist-Purulia vide **NIet no. 12/BZR/PS of 2024-25/SI no. 01 to SI no. 06 dated 07.03.2025** for 06 nos. scheme bearing **Tender Id : 2025_DM_825157_1,2,3,4,5,6** under **BEUP** fund. Online bid submission commences on and from **08.03.2025 at 10.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **17.03.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website **wbtenders.gov.in**
**Sd/-**
**Executive Officer**
**Barabazar Panchayat Samity**

## बसंती हाईवे पर सड़क हादसा, महिला की मौत




**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के खाचाधेरी के पास बसंती हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। हादसा तड़के करीब 3:50 बजे हुआ, जब एक अज्ञात वाहन ने एक मोटर फिटेड वैन को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस दुर्घटना में बिधाननगर वेस्ट की रहने वाली 39 वर्षीय पुतुल बिस्वास, जो वैन में यात्री के रूप में सवार थीं, गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत सीएनएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# बीएसएफ जवानों पर तस्करों का हमला, जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर घायल

**❑ जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों के मंसूबों को किया नाकाम**
**❑ 787 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप और एक धारदार दाह बरामद**

**कोलकाता :** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रविवार तड़के बांग्लादेशी तस्करों के एक दल ने ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर हमला कर जबरन तस्करी करने की कोशिश की। हालांकि बीएसएफ की 143वीं बटालियन के सजग जवानों ने तस्करों के मंसूबों को नाकाम करते हुए उन्हें वापस खदेड़ दिया। इस दौरान आत्मरक्षा में की गई फायरिंग



में गोली लगने से एक भारतीय तस्कर घायल हो गया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना सीमा चौकी कलांची इलाके में सुबह करीब 5.30 बजे घटी। घटनास्थल से प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की 787 बोतलें और एक धारदार दाह भी बरामद हुआ है। तस्कर फेंसेडिल की खेप को सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश में तस्करी की फिराक में थे। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने भारतीय सीमा क्षेत्र में चार-पांच हथियारबंद तस्करों की संदिग्ध गतिविधि देखी। ये तस्कर अवैध तरीके से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर लिया था और इधर के तस्करों की मदद से प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप लेकर इच्छामती नदी के रास्ते पुलिया के नीचे से तेजी से सीमा की ओर बढ़ रहे थे। जवानों ने तस्करों को देख उनका पीछा किया और रुकने की चुनौती दी। लेकिन तस्करों ने इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए जवान ने एक स्टन ग्रेनेड फेंका, लेकिन तस्करों ने उसे भी नजरअंदाज कर जवान को चारों तरफ से घेर लिया और धारदार हथियार व लाठियों से हमला कर दिया। अपनी जान पर खतरे को भांपते हुए जवान ने आत्मरक्षा में पीएजी से एक राउंड फायर किया, जिसके बाद सभी तस्कर घने कोहरे व झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकले। इस दौरान गोली लगने से एक तस्कर घायल हो गया। घायल तस्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएफ ने स्थानीय थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है और जब्त सामान को आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय को सौंप दिया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि हमारे जवान असाधारण साहस और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# भाजपा करने पर तृणमूल के पार्टी कार्यालय में महिला से दुष्कर्म

## पीड़िता के पति ने स्थानीय तृणमूल नेता के खिलाफ थाने में दर्ज कराई शिकायत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला ने तृणमूल के कार्यालय में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पति ने रविवार को स्थानीय थाने में इसकी शिकायत की। पीड़िता के पति का दावा है कि उसकी पत्नी भाजपा कार्यकर्ता है। टीएमसी का एक स्थानीय नेता उस पर भाजपा छोड़ने के लिए दबाव दे रहा था। एक विवाद को लेकर



उसकी पत्नी रविवार सुबह टीएमसी के पार्टी कार्यालय गई थी जहां उक्त नेता ने मारने-पीटने के साथ उसके साथ दुष्कर्म भी किया। इस घटना में कुछ टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोपित नेता की सहायता भी की।

पीड़िता के पति ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जबरन उसकी दवा दुकान भी बंद करा दी है। इस समस्या से निजात पाने के लिए उसकी पत्नी को भाजपा छोड़ने का विकल्प दिया गया। शनिवार को आरोपित तृणमूल नेता ने कहा कि उसकी पत्नी को लिखित में सूचित करना होगा कि वह भाजपा छोड़ रही है और इसके लिए आवेदन तृणमूल कार्यालय में जमा करना होगा। महिला को रोज-गार के लिए बाध्य होकर तृणमूल कार्यालय जाना पड़ा, जहां उसके साथ कुकृत्य किया गया।

आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा ने पश्चिम मेदिनीपुर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। पीड़िता का फिलहाल मेदिनीपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने आरोपित तृणमूल नेता पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धृतिमान सरकार ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित शिकायतें प्राप्त हुई हैं। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय भाजपा नेतृत्व का दावा है कि उसने पीड़ित को बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। नारायणगढ़ ब्लाक तृणमूल अध्यक्ष सुकुमार जना ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस कार्रवाई करेगी।

# जादवपुर विश्वविद्यालय हिंसा: भाजपा की युवा शाखा ने रैली की

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा शाखा ने रविवार को जादवपुर विश्वविद्यालय की घटना के विरोध में एक विरोध रैली निकाली, जहां 1 मार्च को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु पर वाम मोर्चा के छात्र विंग के छात्रों ने हमला किया था। अधिकारी ने इसे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और सीपीआई (एम) के बीच 'सेटिंग' कहा। दक्षिण कोलकाता में प्रिंस अनवर शाह रोड पर नवीना सिनेमा से जादवपुर पुलिस स्टेशन तक रैली का नेतृत्व करते हुए, विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद 'जन जागरण' के लिए और अधिक विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। अधिकारी ने कहा, टीएमसी नेता और मंत्री फिरहाद




हकीम ने सीपीआई (एम) नेता मोहम्मद सलीम के साथ सेटिंग की थी। यह बहुत स्पष्ट है। बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद भगवा खेमा जन जागरण और वर्तमान राज्य सरकार को हटाने के लिए सड़कों पर और अधिक उतरेगा। अधिकारी ने यह भी उल्लेख किया कि एबीवीपी कथित अराजकता के खिलाफ परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन करेगी।

### गरियायाहाट में दीवार गिरने की घटना, कोई हताहत नहीं



**कोलकाता :** गरियायाहाट इलाके के 8, मंडेविल गार्डन्स में एक बाउंड्री वॉल गिरने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार रात करीब 7:45 बजे हुई, जब लगभग 30 फीट लंबी और 6 फीट ऊंची दीवार अचानक गिर गई। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। गरियायाहाट पुलिस स्टेशन ने मामले की जानकारी ली है और आगे की जांच जारी है।

### भूमिहार महिला समाज पश्चिम बंगाल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** फाल्गुन मास के अवसर पर भूमिहार महिला समाज, पश्चिम बंगाल के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन कोलकाता के लेक मॉल के पास सेकेंड हाउस हॉल में किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान, उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को समर्पित रहा। साथ ही, आधुनिक समय में महिला अधिकारों को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं की उन्नति पर भी जोर दिया गया। इस समारोह में कोलकाता के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को गुलाल अर्पित करने से हुई, जिसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को भी गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान गीत-संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग बनी रही।

# बागडोगरा में वन अधिकारियों को 'मकना' हाथी का शव मिला

**सिलीगुड़ी :** रविवार को एक अधिकारी ने बताया कि दार्जिलिंग के कुर्सेओंग डिवीजन के बागडोगरा के जंगलों में एक मकना हाथी (बिना दांत वाला नर हाथी) का शव मिला है। सहायक प्रभागीय वन अधिकारी (एडीएफओ) राहुल देब मुखर्जी के अनुसार, एक टस्कर (दांत वाला हाथी) और एक मकना हाथी के बीच लड़ाई हुई, जिसके बाद जंगल में बाद वाला मृत पाया गया। मुखर्जी ने कहा कि दोनों जानवरों के बीच संघर्ष क्षेत्रीय मुद्दों के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि लड़ाई में मकना हाथी घायल हो गया। ए.डी.एफ.ओ. ने ए.एन.आई. को बताया, बागडोगरा के जंगल में एक हाथी और मकना हाथी के बीच लड़ाई



हुई। हाथी स्थानीय है, जबकि मकना हाथी आसपास के जंगलों से आया होगा। झगड़े के बाद मकना हाथी घायल हो गया और बहुत खून बह गया। मुखर्जी ने कहा कि वन अधिकारियों ने रविवार सुबह हाथी का शव बरामद किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग लड़ाई में शामिल हाथी की निगरानी कर रहा है। मुखर्जी ने कहा, दुर्भाग्य से, हाथी का शव आज सुबह बरामद किया गया। हम उसे बचा नहीं सके। शव परीक्षण के बाद हाथी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वन विभाग संघर्ष में शामिल हाथी की भी निगरानी कर रहा है।

### कटवा-अहमदपुर खंड में लिमिटेड हाइट सबवे का कार्य सफलतापूर्वक हुआ पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के उन्नयन को ध्यान में रखते हुए कटवा-अहमदपुर खंड में लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 14/सी/ई को हटाकर एलएचएस का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह कार्य रिइनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट बॉक्स और बेस स्लैब डालकर किया गया, जिससे क्षेत्र में परिवहन नेटवर्क अधिक सुरक्षित और सुगम हो सके।



यह महत्वपूर्ण कार्य 7 मार्च को दोपहर 14:00 बजे से 20:00 बजे तक निर्धारित ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के दौरान पूरा किया गया। इस दौरान रेलवे इंजीनियरों और श्रमिकों की टीम ने 6 आरसीसी बॉक्स सेगमेंट और 5 आरसीसी बेस स्लैब डाले, जिससे लेवल क्रॉसिंग को हटाया जा सके। यह कार्य निर्धारित समय से पहले 19:00 बजे ही पूरा कर लिया गया, जिससे ट्रेनों का संचालन समय से पूर्व ही बहाल हो गया। एलएचएस चालू होने के बाद इस लेवल क्रॉसिंग गेट को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। पूर्व रेलवे की यह उपलब्धि रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस प्रकार की पहलें रेलवे के सुरक्षित, कुशल और यात्री-अनुकूल परिवहन नेटवर्क विकसित करने के लक्ष्य को मजबूत करती हैं।

# नेत्र चिकित्सा में नागरिक स्वास्थ्य संघ के कार्यकर्ताओं के सेवाकार्यों की सराहना

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने वेदान्त पोली फैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सेवा शिविर में 53 नागरिकों की आँख में मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया। नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, आलोक दमानी, गोवर्धन मूंधड़ा, श्रीबल्लभ दुजारी, अविनाश गुप्ता, गणेश प्रसाद लाखोटिया, राजकुमार कोठारी एवम कार्यकर्ताओं ने समाजसेवी जगदीश प्रसाद लाखोटिया, मनीष लाखोटिया, सविता, शिल्पा, वेदान्त, वेदिका लाखोटिया, वरिष्ठ पत्रकार राज मिठोलिया एवम अतिथियों का स्वागत किया। इन्द्र कुमार डागा ने संघ की प्रगति एवम




सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा सन 1951 में स्थापित नागरिक स्वास्थ्य संघ ने अब तक तकरीबन 83 हजार नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रमुख वक्ता राज मिठोलिया एवम् अतिथियों ने नेत्र चिकित्सा में नागरिक स्वास्थ्य संघ के कार्यकर्ताओं के सेवाकार्यों की सराहना की। राज मिठोलिया ने नेत्र दान की प्रेरणा देते हुए कहा संस्थापक सदस्यों, कार्यकर्ताओं के जीवन से सेवाकार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा धन का सदुपयोग मानव सेवा है। संचालन आलोक दमानी, धन्यवाद ज्ञापन विकास चन्द चांडक ने किया।

### मालदह मंडलीय रेलवे अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह मंडलीय रेलवे अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिला संविदा कर्मचारियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य की देखभाल और जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन मालदह मंडल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. अनुपा घोष के नेतृत्व में किया गया। इस शिविर में महिलाओं की लंबाई, वजन और बीएमआई की



जांच की गई। साथ ही, विभिन्न रक्त परीक्षण किए गए। इस शिविर में चिकित्सा अधिकारियों की एक समर्पित टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की जिसमें डॉ. एस. बोस, डॉ. एल. एम. अधिकारी, डॉ. सुशोवन बनर्जी और डॉ. सुद्दशिल रॉय सहित कई संविदा चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। इस मौके पर महिला संविदा कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए उन्हें एक प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम एएनओ तपति भट्टाचार्य के सौजन्य से आयोजित किया गया।

# डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविर आयोजित

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे में विभिन्न डिजिटल भुगतान तरीकों को यात्रियों के बीच लोकप्रिय बनाने और टिकटिंग में डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 09 मार्च 2025 को ब्लू लाइन के सभी स्टेशनों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में मेट्रो यात्रियों को 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें इसे गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉयड) और ऐप स्टोर (आईओएस) से डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को ऐप का उपयोग करने के तरीकों के साथ-साथ स्वचालित टिकटिंग मशीन



(एएससीआरएम) से यूपीआई भुगतान के माध्यम से टोकन खरीदने और स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई।

मेट्रो यात्रियों ने इस डिजिटल प्रणाली को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई और स्मार्ट तरीके से टोकन, स्मार्ट कार्ड खरीदने व रिचार्ज करने की ओर कदम बढ़ाया। इस सुविधा से उन्हें अपना बहुमूल्य समय बचाने में मदद मिल रही है, क्योंकि अब उन्हें टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

गौरतलब है कि मेट्रो रेलवे में डिजिटल लेनदेन पहले ही कुल लेनदेन का 30 प्रतिशत पार कर चुका है, जो यात्रियों के बीच डिजिटल भुगतान के प्रति बढ़ती स्वीकृति को दर्शाता है।

# होली पर बंगाल में मौसम का हाल: उत्तर में बारिश, दक्षिण में बढ़ेगी गर्मी

**कोलकाता :** एक ओर उत्तर बंगाल में बारिश हो रही है, वहीं दक्षिण बंगाल में गर्मी का असर तेज हो गया है। मार्च की शुरुआत से ही दक्षिण बंगाल में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। अब सभी के मन में यही सवाल है कि होली के दिन मौसम कैसा रहेगा-क्या आसमान साफ रहेगा या बारिश त्योहार के रंगों को फीका कर देगी?



मौसम विभाग के अनुसार, होली से पहले कोलकाता का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में यह 38 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे गर्मी और उमस लोगों को परेशान करेगी।

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी इलाकों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके अलावा, मध्य असम और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है। हालांकि, इसका असर दक्षिण बंगाल पर नहीं पड़ेगा और वहां शुष्क मौसम बना रहेगा। रविवार सुबह कोलकाता में हल्के बादल रह सकते हैं, लेकिन दोपहर होते-होते गर्मी बढ़ेगी और रात में उमस महसूस होगी।

वहीं, उत्तर बंगाल में अगले दो दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। बुधवार और गुरुवार को बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। सिक्किम में भी गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है, जिससे पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराइकल में भी अगले कुछ दिनों तक बारिश और गरज-चमक देखने को मिल सकती है।

### संतोषपुर स्टेशन के पास झुग्गियों में लगी आग, ट्रेन संचालन पर प्रभाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के संतोषपुर स्टेशन के पास आग लगने से हड़कंप मच गया। इस दौरान स्टेशन के पास स्थित झुग्गियों में आग फैल गयी। जिस कारण सियालदह-बजबज रेलवे सेक्शन में ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ। यह घटना रविवार की सुबह 06:45 बजे के आसपास हुई। जिसके बाद सुरक्षा कारणों से ट्रेन संचालन को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। आग को काबू करने तक, 06:45 बजे से 07:37 बजे तक ट्रेनें रोकी गईं। आग लगने के कारण, सियालदह-बजबज सेक्शन की 8 स्थानीय ट्रेनों में औसतन 15 मिनट की देरी देखने को मिली।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने किया महिला रेलकर्मियों का सम्मान

❑ **कहा- नारी हमारी संस्कृति की शान**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ) द्वारा नेशनल रेल म्यूज़ियम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार ने भारतीय रेल के प्रत्येक जोन, प्रोडक्शन यूनिट (पीयू) और कुछ सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) से चयनित 33 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नारी न सिर्फ पुरुषों के बराबर बल्कि उनसे अधिक काम कर देश के विकास में योगदान दे रही है।




सतीश कुमार ने भारतीय रेल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे संगठन की शक्ति और सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व ने भारतीय रेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एक कविता का पाठ करते हुए कहा कि नारी मान है, सम्मान है। नारी हमारी संस्कृति की शान है। नारी शक्ति है, भक्ति है, नारी जीवन ज्योति की अभिव्यक्ति है।

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष (डॉ.) रूबी रानी सिंह ने महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेल द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की चर्चा की। इस अवसर पर संगठन की सचिव अमृता शर्मा , कोषाध्यक्ष निर्देश सिंह व संयुक्त सचिव अंजलि वर्मा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्रांगण में बुलबुल कैंप का आयोजन

**हावड़ा :** विगत वर्षों की भाँति अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राथमिक विभाग में गाईड इकाई द्वारा नौवें बुलबुल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में नन्ही बुलबुलों के स्वागत के लिए चित्रपट्ट सजाया गया था। सर्वप्रथम अल्पाहार के उपरांत विद्यालय की उपप्राचार्या श्रीमती काकोली नाग के द्वारा सुबह 10:30 बजे वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षिकाओं एवं नन्हीं- नन्हीं बुलबुलों की उपस्थिति में अपनी शुभकामनाओं के साथ बुलबुल कैंप को आरंभ करने की अनुमति दी गई।

तत्पश्चात छात्राओं ने कैंप में आयोजित गतिविधियों (अग्नि रहित खाना बनाना, रंगोली, नृत्य-गीत आदि) में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम




के दौरान उपप्राचार्या के कर-कमलों द्वारा गण मान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

दोपहर भोजन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कैंप के दौरान छात्राओं के द्वारा नाट्य मंचन,नृत्य, गीत एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। पूरा कैंपस नन्ही-नन्ही बुलबुलों की चहक से गुंजायमान हो रहा था। उपप्राचार्या के धन्यवाद ज्ञापन और बुलबुलों को ठंडे पेय वितरण के साथ कैंप का समापन हुआ।

### हावड़ा-गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को मिली लोकप्रियता, अब 16 डिब्बों के साथ करेगी सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह ट्रेन यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तेज और आरामदायक यात्रा का अनुभव दे रही है। भारतीय रेलवे ने 15 सितंबर 2024 को इस ट्रेन का शुभारंभ बड़े धूमधाम के साथ किया था। इसके बाद 18 सितंबर 2024 से इसका व्यावसायिक परिचालन शुरू हुआ, जिससे हावड़ा और गया के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम और सुविधाजनक परिवहन सेवा प्राप्त हुई। 22303/22304 हावड़ा-गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25 नई विशेषताएं



जोड़ी गई हैं। रेलवे ने इस ट्रेन के कोचों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन 24 मार्च 2025 से 08 कोचों के बजाय 16 कोचों के साथ हावड़ा और गया के बीच संचालित होगी। इस वृद्धि का उद्देश्य अधिक यात्रियों को समायोजित करना और इस हाई-स्पीड रूट पर यात्रा को और अधिक आरामदायक और सुविधाजनक बनाना है।

# सियालदह एनसीसी कोचिंग डिपो में नारी शक्ति का प्रभावशाली योगदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने महिला कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है। इसके तहत, सियालदह मंडल के एनसीसी कोचिंग डिपो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व की भूमिका में लाने की दिशा में सराहनीय कार्य हो रहा है। इस पहल का नेतृत्व कोचिंग डिपो अधिकारी दिव्या वर्मा कर रही हैं, जिनके मार्गदर्शन में महिला कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। सियालदह एनसीसी कोचिंग डिपो में इस वित्तीय वर्ष लगभग 7 हजार मेल/एक्सप्रेस/यात्री ट्रेनों का रखरखाव सफलतापूर्वक किया गया। इस डिपो में 110 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सुरक्षा उपकरणों की



जांच और मरम्मत, एयर ब्रेक परीक्षण, 100% ब्रेक पावर सुनिश्चित करने के अलावा कारपेंटरी और प्लंबिंग कार्यों में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं।

यह डिपो उन महिलाओं की कर्मठता का प्रतीक है, जो सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए रेलवे के संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यहां महिला कर्मचारी न केवल राजधानी एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों का सफलतापूर्वक रखरखाव कर रही हैं, बल्कि बायो-टॉयलेट एफ्लुएंट टेस्टिंग लैब की स्वच्छता और एफ्लुएंट की जांच भी कर रही हैं। इसके अलावा, सियालदह कोचिंग डिपो में मानव संसाधन प्रबंधन और स्थापना रिकॉर्ड का कार्य भी महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष 52 लाख वॉश्ड लिनन पैकेट्स का उत्पादन भी महिलाओं ने कुशलता से सुनिश्चित किया, जिससे एसी कोच यात्रियों को बेहतर सुविधा मिली।

# हावड़ा नगर निगम के वार्ड नंबर 49 में बढ़ रहा है पीलिया का प्रकोप, पानी के सैंपल की होगी जांच



**हावड़ा :** हावड़ा नगर निगम के वार्ड नंबर 49, शियालडांगा इलाके में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जंडिस रोड में अब तक 15 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और हर दिन नए मरीज सामने आ रहे हैं। इस बीमारी के कारण पूरे इलाके में भय और चिंता का माहौल बन गया है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि एक स्कूली छात्र को इलाज के लिए कोलकाता के पीजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में सप्लाई होने वाला पीने का पानी बेहद खराब स्थिति में है और यही पीलिया फैलने का मुख्य कारण बन रहा है। चाशीरमाठ इलाके में रहने वाले लोग जिस पानी का उपयोग कर रहे हैं, वह पीने लायक नहीं है। कई बार पानी में गंदगी साफ देखी जाती है, कभी-कभी इसका रंग काला भी हो जाता है। प्रभावित लोग कमजोरी महसूस कर रहे हैं, सिर चकरा रहा है और वे ठीक से उठने-बैठने तक में असमर्थ हो रहे हैं। जब वे डॉक्टर के पास जा रहे हैं, तो पता चल रहा है कि उनकी बीमारी दूषित पानी के कारण हुई है। ऐसे में पूरे वार्ड 49 में दहशत का माहौल बना हुआ है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हावड़ा नगर निगम ने क्षेत्र में अपने प्रतिनिधियों को भेजने का निर्णय लिया है और पीने के पानी के सैंपल की जांच की जाएगी। इस विषय पर हावड़ा नगर निगम के मुख्य प्रशासक सुजॉय चक्रवर्ती ने कहा कि बच्चों के विभिन्न स्थानों पर जाने और बाहर खाना खाने से भी यह संक्रमण हो सकता है। केवल पानी को ही इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन निगम इस मामले को पूरी गंभीरता से देख रहा है। यदि पानी की गुणवत्ता में कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो एचएमसी और केएमडीए के अधिकारियों के साथ मिलकर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

इस बीच, स्थानीय निवासियों ने नगर निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इलाके में जो पानी सप्लाई किया जा रहा है, वह किसी भी हालत में पीने योग्य नहीं है। लोगों ने दावा किया कि पानी में गंदगी, कीड़े-मकोड़े और यहां तक कि कॉकरोच भी तैरते हुए देखे गए हैं। उनका आरोप है कि निगम ने इस क्षेत्र के लोगों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है, जिससे यहां रहने वाले लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। वार्ड 49 में पीलिया के लगातार बढ़ते मामलों से स्थानीय लोग गहरे संकट और चिंता में हैं।

# रिसड़ा में व्यक्ति ने स्ट्रीट डॉग पर किया जानलेवा हमला, युवती ने रोका



**हुगली :** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसमें हुगली जिले के रिसड़ा में एक व्यक्ति को स्ट्रीट डॉग पर क्रूरता करते हुए देखा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी को सड़क पर बैठे कुत्ते को भारी ईंट से मारने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है।

**❑ युवती ने किया बीच-बचाव, आरोपी ने दी धमकी**

वीडियो में दिख रहा है कि जब एक युवती ने उस व्यक्ति को रोकने की कोशिश की तो उसने साफ तौर पर कहा कि वह कुत्ते को मार डालेगा। युवती ने आगे बताया कि आरोपी पहले भी स्ट्रीट डॉग्स के साथ बर्बरता कर चुका है और एक छोटे पिल्ले को ईंट से मारकर अपंग बना दिया था। जब पड़ोसियों ने हस्तक्षेप किया, तो उसने उन्हें भी धमकाना शुरू कर दिया।

**❑ स्थानीय लोग नाराज, प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। वे प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भारतीय कानून के तहत जानवरों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है।

यह वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर भी लोग अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। कई लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और पशु कल्याण संगठनों से इस मामले में दखल देने की अपील कर रहे हैं। हालांकि वीडियो के सत्यापन की जाँच अभी होनी बाकी है।

# तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी से पूर्व तृणमूल विधायकों ने की मुलाकात

**❑ 2021 चुनावों में तृणमूल नाराज होकर थामा था भाजपा का दामन, पराजित होने पर की घर वापसी**



**हुगली :** 2021 विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस में बड़ा उलटफेर हुआ था जिसके बाद तृणमूल के कई विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। वे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में खड़े हुए लेकिन उन्हें तृणमूल से शिकस्त मिली। चुनावों के नतीजे घोषित होने के बाद अपनी गलती स्वीकार करते हुए वापस तृणमूल से भाजपा में शामिल हो गए। लेकिन उन्हें पहले जैसी जगह नहीं मिली। फिर 2026 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने है इससे पहले ही चुनावी सरगर्मिया तेज होने लगी है। तृणमूल के दो पूर्व विधायकों प्रबीर घोषाल और राजीव बनर्जी ने रविवार को श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी से उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने कल्याण बनर्जी से मुलाकात की। हालांकि उन्होंने इसे सौजन्य मुलाकात बताया। कल्याण ने दावा किया कि राजीव ने कहा कि उनसे गलती हुई और उन्हें माफ कर देना चाहिए। दूसरी ओर, राजीव बनर्जी ने दावा किया है कि यह पूरा मामला एक शिष्टाचार मुलाकात का था। डोमजूर विधानसभा से पूर्व विधायक राजीव बनर्जी और उत्तरपाड़ा से पूर्व विधायक प्रबीर घोषाल समेत कई तृणमूल विधायक 2021 चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

## विदेश की खबरें

# सीरिया: हिंसा में मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हुई



**बेरूत :** सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के वफादारों और सुरक्षाबलों के बीच दो दिन तक जारी संघर्ष और इसके बाद प्रतिशोधी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,000 से अधिक हो गई है, जिनमें लगभग 750 आम नागरिक शामिल हैं। मानवाधिकार संगठन ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीरिया में 14 साल पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से यह हिंसा की सबसे घातक घटनाओं में से एक है। ब्रिटेन के मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि 745 नागरिकों के अलावा, सरकारी सुरक्षाबलों के 125 सदस्य और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद से संबद्ध सशस्त्र समूहों के 148 चरमपंथी भी मारे गए। मानवाधिकार संगठन ने यह भी बताया कि तटीय शहर लताकिया के आसपास के बड़े इलाकों में बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है तथा कई बेकरी बंद हो गई हैं। सीरिया में तीन महीने पहले असद को अपदस्थ कर सत्ता पर विद्रोहियों के कब्जा करने के तीन महीने बाद बृहस्पतिवार को शुरू हुई यह झड़प दमिश्क की नयी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। सरकार ने कहा कि वह असद के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बड़े पैमाने पर हुई इस हिंसा के लिए 'अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा की गई कार्रवाइयों' को जिम्मेदार ठहराया। सीरिया में हालिया झड़पें तब शुरू हुईं, जब सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार को तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की। इस दौरान असद के वफादारों ने उन पर घात लगाकर हमला कर दिया। नयी सरकार के प्रति वफादार सुन्नी मुस्लिम बंदूकधारियों ने शुक्रवार को असद के समर्थक अल्पसंख्यक अल्वियत समुदाय के लोगों की हत्याएं शुरू की थीं। लेकिन यह हयात तहरीर अल-शाम के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इसी धड़े के नेतृत्व में विद्रोही समूहों ने असद के शासन का तख्तापलट कर दिया था। अल्वियत संप्रदाय के गांवों और कस्बों के निवासियों ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि बंदूकधारियों ने अल्वियत समुदाय के अधिकतर पुरुषों को सड़कों पर या उनके घरों के दरवाजे पर ही गोली मार दी।

# होली से पहले श्याम रंग में रंगा रिसड़ा, निकाली गई भव्य निशान यात्रा




**हुगली, समाज्ञा :** होली के पूर्व पूरे जिले में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। रविवार सुबह रिसड़ा नगरपालिका के 18 नंबर वार्ड के लाल कोठी स्थित महाकालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से प्रभु श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सुबह 9 बजे श्याम निशान यात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें महिला पुरुष युवा वृद्ध श्याम भक्तों ने हाथों में निशान स्वरूप पताका लेकर नगर कीर्तन किया। भक्तों ने पूरे नया बस्ती और श्रीरामपुर के विभिन्न गली मोहल्लों में अबीर-गुलाल उड़ाते हुए फाल्गुनी भजनों के साथ नगर परिक्रमा की। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था, पूरा माहौल भक्तिरस में डूबा नजर आया। यात्रा के समापन पर बाबा महाकालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भक्त सुरेश तिवारी द्वारा भक्तों में मिठाई पैकेट का वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन में मंदिर के मुख्य संयोजक पंडित भृगु नाथ मिश्रा, प्रशाद सुख सागर मिश्रा (टिकू मिश्रा), मोहन मिश्रा, कंचन तिवारी, माया मिश्रा, कामिनी पाठक, ललित सरावगी सहित हजारों श्रद्धालु उप-स्थित रहे और अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। भक्ति और उल्लास से सराबोर यह निशान यात्रा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। भक्तों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है और भाईचारे का संदेश प्रसारित होता है। इसी तरह से होली का भी आयोजन हो जिसमे प्राकृतिक रंगों से लाल हरे केसरिया पिले रंग से श्याम रंग में होली खेलकर एक मिशाल पेश की जा सके।

# व्हाइट हाउस के निकट खुफिया सेवा के कर्मियों ने हथियारबंद व्यक्ति को गोली मारी : अधिकारी



**वाशिंगटन :** अमेरिकी खुफिया सेवा के कर्मियों ने इंडियाना से आए एक हथियारबंद व्यक्ति को रविवार तड़के व्हाइट हाउस के पास गोली मार दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खुफिया सेवा के बयान के अनुसार, आधी रात के आसपास व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी में (हथियारबंद व्यक्ति के अलावा) कोई और घायल नहीं हुआ। गोलीबारी की घटना के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में थे। खुफिया सेवा को स्थानीय पुलिस से एक कथित 'आत्मघाती व्यक्ति' के बारे में सूचना मिली, जो इंडियाना से यात्रा कर रहा था। बाद में खुफिया सेवा के कर्मियों ने व्हाइट हाउस के पास उस व्यक्ति की कार और उसके विवरण से मेल खाते एक व्यक्ति को पाया। खुफिया सेवा ने एक बयान में कहा, 'जैसे ही अधिकारी पास आए, व्यक्ति ने बंदूक तानी और मुठभेड़ शुरू हो गयी। उस दौरान हमारे कर्मियों ने गोलियां चलाईं।' बयान में कहा गया कि उस व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# इराक को बिजली कटौती का डर, अमेरिका ने ईरान से बिजली खरीद से जुड़ी छूट समाप्त की

**बगदाद :** अमेरिका ने इराक के लिए पाबंदियों में दी गई उस छूट को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया है जिसके तहत उसे प्रतिबंधों का उल्लंघन किए बिना ईरान से बिजली खरीदने की अनुमति दी गई थी। एक अमेरिकी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बगदाद में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि पाबंदियों में दी गई पिछली छूट शनिवार को समाप्त हो गई और अमेरिकी विदेश विभाग ने इसे नवीनीकृत नहीं किया है। बयान में कहा गया कि यह निर्णय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर 'अधिकतम दबाव डालने वाले अभियान' के हिस्से के रूप में आया है, जिसे ईरान के परमाणु खतरे को समाप्त करने, उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकने और उसे आतंकवादी समूहों का समर्थन करने से रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। बयान में कहा गया है, ''हम इराकी सरकार से आग्रह करते हैं कि वह जितनी जल्दी हो सके, ईरानी ऊर्जा स्रोतों पर अपनी निर्भरता समाप्त करे और ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए इराकी प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का स्वागत करे।'' तेल और गैस की अपनी संपदा के बावजूद इराक युद्ध, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण दशकों से बिजली की कमी से जूझ रहा है और अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयातित ईरानी गैस के साथ-साथ ईरान से आयातित बिजली पर बहुत अधिक निर्भर है। इराक में बिजली की कटौती आम बात है, खास तौर पर चिलचिलाती गर्मी के महीनों में। कई इराकियों को 'डीजल जनरेटर' पर निर्भर रहना पड़ता है या 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान में झेलना पड़ता है।जिस छूट की अवधि समाप्त हुई है, उसका सीधा संबंध बिजली आयात से है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि इराक अपने बिजली संयंत्रों के लिए ईरान से गैस आयात करना जारी रख पाएगा या नहीं। अमेरिकी दूतावास के बयान में कहा गया है कि ईरान से आयातित बिजली का हिस्सा इराक में बिजली की कुल खपत के केवल चार प्रतिशत के बराबर है। इराक के एक अधिकारी ने कहा कि इराक को ईरानी गैस से संचालित बिजलीघरों से मिलने वाली लगभग 8,000 मेगावाट बिजली तथा ईरान से सीधे आयात की जाने वाली 500 मेगावाट बिजली की हानि का सामना करना पड़ सकता है।

# पश्चिम बंगाल में सियासी तापमान तेज, तृणमूल और बीजेपी के बीच बढ़ता तनाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में सियासी तापमान बढ़ता जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने केंद्र सरकार पर बंगाल के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) इसे खारिज कर रही है। केंद्र सरकार की उपेक्षा को मुद्दा बनाकर तृणमूल कांग्रेस ने 2023 के पंचायत चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में जोरदार प्रचार किया था। अब, विधानसभा चुनाव 2026 को देखते हुए, बीजेपी इस नैरेटिव को कमजोर करने की रणनीति बना रही है। राज्यसभा के बीजेपी सांसद शमीक भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लिखित रूप में सवाल पूछे हैं, जिनमें मुख्य रूप से यह जानने की कोशिश की गई है कि पिछले पांच वर्षों में बंगाल के कितने लोगों को केंद्र सरकार की नौकरियां मिली हैं।

भट्टाचार्य ने यह भी पूछा है कि बंगाल में अब तक कितने 'रोजगार मेला' आयोजित किए गए और उनमें से कितने लोगों को केंद्र सरकार में नौकरियां मिलीं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च को जवाब देने वाले हैं। बीजेपी का मानना है कि इन आंकड़ों के सामने आने के बाद, ममता बनर्जी सरकार पर यह स्पष्ट किया जा सकेगा कि केंद्र ने बंगाल के लिए पर्याप्त नौकरियां दी हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार बंगाल को मिलने वाली योजनाओं की राशि रोक रही है और 100 दिन की मजदूरी तक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बीजेपी का एक हिस्सा मानता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी सीटें 18 से घटकर 12 रह जाने के पीछे तृणमूल कांग्रेस का 'केंद्र की उपेक्षा' वाला प्रचार अहम रहा। इसी वजह से विधानसभा चुनाव में भी तृणमूल इस मुद्दे को धार देने की तैयारी में है। विपक्षी दलों के इन आरोपों और जवाबों के बीच, बंगाल में राजनीतिक संघर्ष और गहराता जा रहा है।

# मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए अनेक प्रवासियों को रिहा किया



**पनामा सिटी :** कई हफ्तों तक चले मुकदमों और मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए अनेक प्रवासियों को शनिवार को रिहा कर दिया जिन्हें एक दूरदराज के शिविर में रखा गया था। इसने कहा कि इन लोगों के पास यह देश छोड़ने के लिए 30 दिन का समय है।निर्वासन में तेजी लाने के प्रयास के तहत अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पनामा तथा कोस्टा रिका के साथ एक समझौता किया था। इसी समझौते के तहत अमेरिका से अवैध प्रवासियों को इन देशों में निर्वासित किया गया जिनमें अधिकतर एशियाई देशों से हैं।इस समझौते ने मानवाधिकार संबंधी चिंताओं को उस वक्त और बढ़ा दिया है जब पनामा सिटी के एक होटल में हिरासत में रखे गए सैकड़ों निर्वासितों ने मदद की गुहार लगाते हुए अपनी खिड़कियों पर पत्र लटकाए और कहा कि वे अपने ही देश लौटने से डरे हुए हैं।शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत, लोगों को उत्पीड़न से बचने के वास्ते शरण लेने के लिए आवेदन करने का अधिकार है।लेकिन, अपने देश लौटने से इनकार करने वालों को कोलंबिया से सटी पनामा की सीमा के पास एक दूरस्थ शिविर में भेज दिया गया था जहां उन्हें कई सप्ताहों तक बदतर हालत में रखा गया, उनके फोन छीन लिए गए जिससे वे कानूनी सहायता लेने में असमर्थ हो गए और उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें आगे कहां ले जाया जाएगा। वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने कहा है कि पनामा और कोस्टा रिका निर्वासितों के लिए 'ब्लैक होल' बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों को लेकर लगातार बढ़ती आलोचना के बीच अपना पल्ला झाड़ने के लिए पनामा के अधिकारियों ने निर्वासितों को रिहा कर दिया है जिससे वे अधर में लटक गए हैं।

# हमारी सेना को संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा : चीन

**बीजिंग :** चीन ने रविवार को अपने 249 अरब डॉलर के रक्षा बजट को सही ठहराते हुए कहा कि उसे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है तथा बढ़ी हुई राशि का उपयोग नवीनतम लड़ाकू क्षमताओं के साथ सेना के आधुनिकीकरण के लिए किया जाएगा। चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने बुधवार को संसद में घोषणा की कि इस वर्ष देश के लिए नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। रक्षा प्रवक्ता वू कियान ने संसद के वार्षिक सत्र के दौरान कहा, 'चीनी सेना को राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।' पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर किया था। चीन का सैन्य बजट अमेरिका के बाद दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका का नवीनतम प्रस्तावित रक्षा खर्च 890 अरब डॉलर से अधिक है। चीन जहां भारी अमेरिकी रक्षा बजट का हवाला देता है, वहीं उसका बढ़ता रक्षा खर्च पड़ोसियों, खासकर भारत पर दबाव डाल रहा है। चीन का रक्षा खर्च भारत के करीब 78.8 अरब अमेरिकी डॉलर से तीन गुना ज्यादा है।

# वार्ड 45 श्याम दीवाने भक्त मंडल ने द्वितीय विशाल निशान यात्रा का किया आयोजन



**कोलकाता :** नेताजी सुभाष रोड काली माता मंदिर से पोस्ता श्री श्याम बाबा मंदिर तक बाबा की निशान यात्रा निकली गई जिसमें क़रीब 200 श्याम बाबा के दीवाने शामिल हुए। इस निशान यात्रा मैं उपस्थित रहे पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमिटी के कोषाध्यक्ष 45 वार्ड के पार्षद संतोष कुमार पाठक साथ में श्याम बाबा के दीवाने शिवराज बाल्मीकि, अनुज कोचर, कालीनाथ सिंह, बिनोद तिवारी, भोला यादव, संजय पाठक, अनिल भाटिया, पृथ्वी पांडेय, कार्तिक सिंह, बिनोद दुबे, राजीव लोचन पोद्दार उपस्थित रहे। श्रीकान्त पांडेय, अमित सिंह, संतोष पांडे, शंकर चौधरी सूरज उपाध्याय, मोहन सिंह, मुकुंद सिंह, सूरज तिवारी, राकेश साव, राकेश सिंह भोला, सागर मलिक, रौशन सिंह, विकास प्रताप सिंह, सनी चौधरी, सचिन सिंह, परमा सोनकर रामबाबू यादव, रोनित जैसवार, रघु ठाकुर, उदय सिंह, अमित साव, शेखर सिंह, नंदू सिंह, मनोज गुप्ता, सौरव सिंहशआदि बाबा के दीवाने भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

अनीता उपाध्याय, शीला देवी, सरिता देवी, अवनि कुमारी, गुड़िया प्रसाद, रेखा प्रसाद, करिश्मा प्रसाद, अंजली कुमारी, रिद्धि कुमारी, आनंदी कुमारी आदि महिला भक्त गण मुख्य रूप से शामिल हुए।

### त्रिभुवन हवाई अड्डे पर अवैध विदेशी मुद्रा के साथ एक चीनी और नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू :** पुलिस ने रविवार को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक चीनी नागरिक सहित दो लोगों को अवैध विदेशी मुद्रा ले जाते समय गिरफ्तार कर लिया। नेपाल पुलिस ने एक बुलेटिन में कहा कि 22 वर्षीय चीनी नागरिक मेई वेनहाओ को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह दुबई जाने वाली उड़ान पर चढ़ने वाला था। उसके पास से 10 लाख 42 हजार जापानी येन और 580 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं। इसी तरह नेपाली नागरिक सनीम राज को एयर इंडिया की उड़ान से दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 7,500 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें ललितपुर के पुलचौक स्थित राजस्व जांच विभाग को सौंप दिया है।

# नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह कड़ी सुरक्षा के बीच काठमांडू पहुंचे



**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच काठमांडू पहुंचे, जहां राजशाही समर्थक कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए पहले से हवाई अड्डे पर उपस्थित थे। पोखरा से सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर पर सवार होकर ज्ञानेंद्र जैसे ही त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेत-ाओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों समर्थक उनके पक्ष में नारे लगाने लगे। भीड़ में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां थीं, जिसपर 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'संघीय गणतंत्र प्रणाली को खत्म करो', 'राजशाही को बहाल करो' और 'राजा और देश हमारे जीवन से भी प्यारे हैं' जैसे नारे लिखे हुए थे।ज्ञानेंद्र (77) देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद पोखरा से काठमांडू लौटे। हवाई अड्डे के बाहर सड़क के दोनों ओर ज्ञानेंद्र की तस्वीर और राष्ट्रीय ध्वज लेकर मोटरसाइकिलों पर सवार सैकड़ों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। दर्जनों दंगा रोधी पुलिसकर्मी नारायणहिती पैलेस संग्रहालय (पूर्व नरेश के तत्कालीन शाही महल' की रखवाली कर रहे थे, क्योंकि ऐसी अफवाहें थीं कि ज्ञानेंद्र अपने समर्थकों के साथ महल में प्रवेश करेंगे। हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, क्योंकि ज्ञानेंद्र का अनुसरण करने वाली भीड़ काठमांडू के बाहरी इलाके में पूर्व नरेश के निजी आवास निर्मल निवास की ओर बढ़ गई। नेपाल के पूर्व नरेश के समर्थक पिछले कुछ दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रैली निकाल रहे हैं और मौजूदा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र समर्थक, जन आंदोलन के बाद 2008 में समाप्त की गई राजशाही व्यवस्था को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। नेपाल के पहले निर्वाचित प्रधानमंत्री बी पी कोइराला की पोती एवं बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने सोशल मीडिया खाते पर सभी नेपालियों से काठमांडू हवाई अड्डे पर पूर्व नेपाल नरेश का भव्य तरीके से स्वागत करने के लिए इकट्ठा होने का अनुरोध किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में पिता की डांट फटकार से क्षुब्ध युवती ने की आत्महत्या

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पिता की डांट फटकार से क्षुब्ध एक युवती ने रविवार को कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार जिले के मनियर थाना क्षेत्र के बड़ा पोखरा मोहल्ले में रविवार को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे अदिति गुप्ता (19) ने घर के एक कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि उसके पिता मनोज गुप्ता जब किराना की अपनी दुकान से घर लौटे तो अदिति का कमरा अंदर से बंद मिलने पर उन्होंने किसी तरह से दरवाजा खोला और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। थाना प्रभारी रत्नेश दूबे ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, अदिति को किसी बात को लेकर उसके पिता मनोज गुप्ता ने डांट फटकार लगाई थी, जिसके बाद अदिति ने यह कदम उठा लिया।

### उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में डेढ़ करोड़ रुपये की कीमत की मार्फिन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी शहर में स्वापक रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने एक ऑटोरिक्शा से डेढ़ करोड़ रुपये कीमत की मॉर्फिन बरामद की और एक तस्कर को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एएनटीएफ की क्षेत्राधिकारी बीनू सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम के पास एक खाली मकान के सामने खड़े ऑटोरिक्शा से डेढ़ किलोग्राम मॉर्फिन बरामद की गई।उन्होंने बताया कि इस मामले में जिले के कोठी थाना क्षेत्र निवासी फैयाज उर्फ मुन्ना टेलर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।सिंह ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड रुपये बताई जा रही है।उन्होंने बताया, 'आरोपी से पूछताछ में पता लगा है कि वह जिले के कुख्यात तस्कर डॉ. जयपाल का साथी है। आरोपी ने हाल ही में एक नया ऑटोरिक्शा खरीदा था और उसी के जरिये बाराबंकी के भानमऊ से लेकर लखनऊ के कमता तक मॉफिन की तस्करी कर रहा था।'

### बाराबंकी में नवजात शिशु को बेचने के आरोप में माता-पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली थाना पुलिस ने अपने दो महीने के बच्चे को लखनऊ के एक व्यवसायी को बेचने के आरोप में एक दंपति समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस घटना के बारे में शुक्रवार रात को पता चला, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और शनिवार को लखनऊ में एक व्यवसायी के घर से बच्चे को बरामद किया। शिशु अब बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के संरक्षण में है। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि दंपति ने पांच मार्च को लखनऊ के स्क्रैप व्यवसायी मोहम्मद यासिर को अपना बच्चा गोद देने के लिए सौंप दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि, कैसरबाग घसियारी मंडी में व्यवसाय करने वाले यासिर ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे दंपति को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया और उन्हें अपना शिशु देने के लिए मजबूर किया।

### बलिया में नदी में डूबने से नाबालिग लड़की समेत दो लोगों की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शिवरामपुर घाट पर गंगा नदी में स्नान करते समय एक नाबालिग लड़की और एक लड़के की डूबकर मौत हो गयी, जबकि एक अन्य लड़की की तलाश की जा रही है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में शिवरामपुर घाट पर रविवार को दोपहर में मुंडन संस्कार में आए अंकित कुमार वर्मा (17) अपने मित्रों के साथ गंगा नदी में स्नान कर रहा था। इसी दौरान उसके साथ स्नान कर रहे तीन लड़के गहरे पानी में डूबने लगे। तीनों को बचाने के लिए नाविकों ने काफी प्रयास किया, जिसमें से दो लड़कों को बचा लिया गया। पुलिस चौकी प्रभारी आदर्श श्रीवास्तव ने बताया कि काफी प्रयास के बाद अंकित का शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के गोठाई गांव की चार लड़कियां रविवार को दोपहर में गंगा नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में चली गईं। इसमें दो लड़कियों को आसपास के लोगों ने किसी तरह से बचा लिया, लेकिन आस्था राजभर और खुशी राजभर (14) का पता नहीं चला।

# सरकार का साथ मिले, तो युवा किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं : योगी आदित्यनाथ

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगर सरकार युवाओं के साथ खड़ी हो, तो वे (युवा) प्रत्येक चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। योगी ने युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1,070 युवाओं को 48 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा, युवाओं के लिए चुनौती, चुनौती नहीं है। अगर सरकार उनके साथ खड़ी हो तो वे चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने खुद को आगे बढ़ाने का काम किया है। योगी ने कहा कि बहुत सारे ऐसे युवा हैं, जो नौकरी न करके अपना खुद का कारोबार शुरू करना चाहते हैं और वह अपने मां-बाप पर आश्रित न होकर अपनी मेहनत से



खुद की पहचान बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अपनी मेहनत पर विश्वास करने वाले ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हम लोगों ने व्यवस्था दी है कि पहले चरण में पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज हम उपलब्ध करायेंगे।' योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए इसमें विशेष प्रावधान किया गया है और इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' के अंतर्गत अब तक ऋण लेकर जिन्होंने अपना कारोबार शुरू किया है, उन युवाओं ने सफलता की कहानी लिखी है और यह साबित किया है कि युवा के लिए चुनौती कोई चुनौती नहीं होती और यदि सरकार उनके साथ खड़ी हो जाए तो वह चुनौतियों का सामना करते हुए अपना मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। मेरठ और सहारनपुर में इस योजना को आगे बढ़ाने में मुझे प्रसन्नता हो रही है और 1,070 (लाभार्थी) नये युवा उद्यमी इस क्षेत्र को दे रहे हैं।' योगी ने कहा कि 'यह योजना राज्य को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी और भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।'

## नीतीश कुमार ने चयनित करीब 50 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को चयनित 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इन शिक्षकों की भर्ती बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के तीसरे चरण के तहत की गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तीन चरणों में भर्ती किए गए 2,68,548 शिक्षकों के अलावा, 42,918 अभ्यर्थियों ने प्रधानाध्यापकों की परीक्षा उत्तीर्ण की है और उन्हें अगले महीने नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा पूर्व में पहले पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा नियुक्त 2,53,961 शिक्षकों ने भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा पाने के लिए योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।' कुमार ने कहा,'अब राज्य में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5,65,427 हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य बजट में शिक्षा का हिस्सा 22 प्रतिशत तक पहुंच गया है, और इसे और बढ़ाया जाएगा। शुरुआत से ही शिक्षा, खासकर लड़कियों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।' बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार के दौरान शुरू हुई थी। तेजस्वी यादव राज्य सरकार की नौकरियों में पिछड़े समुदायों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय




जनता दल (राजद) द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हमारी मांग है कि एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और पिछड़े वर्गों (ओबीसी)के लिए आरक्षण 65 प्रतिशत तक बहाल की जाए। पिछली महागठबंधन सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आलोक में वंचित जातियों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया था, जिससे कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया। हालांकि, पूरा मामला भाजपा और जदयू की वजह से कानूनी लड़ाई में उलझ गया।' राजद नेता ने कहा, 'नीतीश कुमार आरक्षण चोर हैं। आज उन्होंने उन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान शुरू हुई थी। टीआरई-3 नियुक्तियों में आरक्षण लागू न होने से इन समुदायों के हजारों उम्मीदवार अवसर से वंचित हो गए।'

## आरेडिका में मनाया गया विश्व महिला दिवस




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस-2025 के उपलक्ष्य में 8 मार्च 2025 को महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या पद्मश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस कार्यक्रम में आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा सरस्वती वन्दना, महिलाओं के सशक्तिकरण पर वाक्, काव्यपाठ, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विश्व महिला दिवस के आयोजन पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या पद्मश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह एवं सुहृता खान ने सभी विजेता महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में निधि शर्मा द्वारा मंच संचालन का कार्य किया गया।इस अवसर पर आरेडिका की महिलाएँ सुधा सिंह विशेष खेल-कूद अधिकारी, सुहृता खान सहायक लेखा अधिकारी , चन्दा सिंह निरीक्षक/आरपीएफ, निधि शर्मा, शिखा रावत, पूनम यादव, सहित अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी उप-स्थित रहीं।

## उत्तर प्रदेश : अमेठी में धर्मांतरण के मामले में पति-पत्नी समेत छह लोग गिरफ्तार

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में कथित तौर पर धर्मांतरण कराने के मामले में पति-पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना जगदीशपुर थानाक्षेत्र में हुई। मुसाफिरखाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में एक पुरुष और पांच महिलाओं के खिलाफ धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि टीम का मुखिया और उसकी पत्नी लखनऊ के मडियाहू थानाक्षेत्र के निवासी है, जबकि चार महिलाएं स्थानीय हैं। पुलिस के मुताबिक, यह मामला जगदीशपुर कस्बे के पालपुर इलाके का है, जहां पर एक व्यक्ति के मकान की दूसरी मंजिल पर ईसाई मिशनरी द्वारा धर्म परिवर्तन को लेकर प्रार्थना सभा की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि लोगों को लालच देने की बात भी सामने आई है, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी तो मौके पर वरिष्ठ अधिकारी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गये। अधिकारी ने बताया कि मामले में आरोपी किशोर और उसकी पत्नी रिंकी, जामो की रहने वाली प्रीति और निशा, मुसाफिरखाना की रहने वाली कालपी और कमरौली निवासी पुष्पा को गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के अलावा जिन चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, वे अमेठी जिले की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि मौके से ईसाई धर्म परिवर्तन का सहित्य भी बरामद हुआ है। अधिकारी ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नीतीश के साथ अब कोई गठबंधन नहीं करेंगे : तेजस्वी

**पटना :** राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार को उस समय नाराज हो गए जब उनसे बिहार के मुख्यमंत्री और जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ फिर से गठबंधन की संभावना के बारे में पूछा गया। नीतीश कुमार राजद के साथ गठबंधन तोड़ पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव यहां कथित तौर पर 'राजग द्वारा आरक्षण की चोरी और उसे हजम कर जाने' के खिलाफ राजद द्वारा आयोजित धरने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले उनके जद (यू) प्रमुख के साथ हाथ मिलाने की संभावना है, तो यादव ने कहा, 'हम हाथ क्यों मिलाएंगे? आप मौजूदा मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?' उनसे कहा गया कि मीडिया के एक वर्ग में ऐसी अटकलें




लगाई जा रही हैं कि हाल ही में 74 साल के हुए नीतीश कुमार को इस बात की चिंता है कि चुनाव के बाद भाजपा नेतृत्व परिवर्तन के लिए दबाव डाल सकती है और राजद इस स्थिति का फायदा उठाकर उसके साथ गठबंधन का 'प्रस्ताव' देने को तैयार है। आम तौर पर मिलनसार स्वभाव के यादव ने सख्ती से जवाब दिया, 'किसी की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं है। मेरी पार्टी में, केवल राजद अध्यक्ष लालू जी और मैं ही गठबंधन पर कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं। कृपया फालतू बात न करें।' युवा नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कुमार 'अब अपना विवेक खो बैठे हैं, जो सार्वजनिक रूप से उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा के स्तर से स्पष्ट है।' कुमार द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छूने की कोशिश करने के कुछ उदाहरणों का हवाला देते हुए यादव ने कहा, 'क्या यह एक राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा देता है?' यादव ने दावा किया, 'वह दिन दूर नहीं जब कुमार अपने दो मौजूदा उपमुख्यमंत्रियों - विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के पैरों में गिरेंगे।' उन्होंने भाजपा पर 'बिहार में अपने आरक्षण विरोधी एजेंडे पर काम करने' का आरोप लगाया। राजद नेता ने आरोप लगाया, 'यही कारण है कि जब आरक्षण संबंधी याचिका पर सुनवाई हो रही है, तो उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार के वकील ठीक से बहस नहीं कर रहे हैं।'

## पंजाब में नशा रोधी अभियान: 12 दिनों में 875 प्राथमिकियां दर्ज और 1,188 तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को बताया कि राज्य में जारी नशा रोधी अभियान के तहत पिछले 12 दिनों में 875 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 1,188 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मंत्री ने बताया कि 'युद्ध नश्यां विरुद्ध' (ड्रग्स के खिलाफ युद्ध) अभियान 25 फरवरी को शुरू किया गया था और इसके 'असाधारण परिणाम' सामने आए हैं। राज्य के वित्त मंत्री और कैबिनेट की नशा रोधी अभियान उप-समिति के अध्यक्ष चीमा ने पंजाब से नशे की समस्या को खत्म करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र किया। मंत्री के अनुसार, इस अभियान के तहत आठ मार्च तक




875 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 1,188 लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा इनके पास से 35 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। इस दौरान 68 किलोग्राम हेरोइन, 873 किलोग्राम चूरापोस्त, 42 किलोग्राम अफीम और 6.74 लाख से अधिक नशीली गोलियां जब्त की गई हैं। एक बयान में उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, एक व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिकों को नशा मुक्त और समृद्ध पंजाब के निर्माण में योगदान देने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित किया जा रहा है।'

## पटना: मृत पक्षियों के नमूनों की जांच से 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि, 25 पक्षियों को मारा गया

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में मृत पक्षियों के नमूनों की जांच में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की पुष्टि होने के बाद करीब 25 पक्षियों को मार दिया गया है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पटना के सिविल सर्जन अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या मुर्गी पालन इकाइयों में काम करने वालों में वायरल संक्रमण फैला है। पटना हवाई अड्डे के पास स्थित 'वेटनरी कॉलेज' के आसपास 25 पक्षियों की मौत होने के बाद प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। संक्रमण के खतरे को देखते हुए प्रभावित इलाके के तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित मुर्गी पालन इकाइयों से नमूने लेने का



काम शुरू कर दिया गया है। सिंह ने कहा, 'मृत पक्षियों के नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था और रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि वे एवियन इन्फ्लूएंजा संक्रमण के एक प्रकार 'एच5एन1' से मरे हैं। उन्होंने कहा, संबंधित अधिकारियों ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगभग 25 पक्षियों को मार दिया।

## राहुल ने रामचेत की चमड़ा कारोबारी से मुलाकात कराई, अब 'रामचेत मोची' ब्रांड लाने की तैयारी

**सुलतानपुर (उप्र) :** सुलतानपुर में मोची का काम करने वाले रामचेत मोची कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जरिए एक चमड़ा कारोबारी से मिलने के बाद 'रामचेत मोची' नाम से अपना ब्रांड शुरू करने की योजना बना रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के सांसद गांधी ने गत दिनों रामचेत मोची (60) को मुंबई बुलाकर चमड़ा कारोबारी सुधीर कुमार से उनकी




मुलाकात कराई। गांधी ने पिछले वर्ष उन्हें एक मशीन उपहार में दी थी। इसके बाद इस वर्ष फरवरी में कांग्रेस नेता ने रामचेत को दिल्ली स्थित अपनी मां के आवास 10, जनपथ बुलाया, जहां रामचेत ने अपनी हाथ की बनी चप्पल पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को भेंट की। अब राहुल गांधी ने रामचेत को और आगे बढ़ाने के लिए हवाई जहाज से मुंबई बुलाया और वहां के चमड़ा कारोबारी सुधीर कुमार से मिलवाया। कांग्रेस सांसद ने रामचेत के साथ खींची तस्वीरें भी एक्स पर साझा कीं। रामचेत पहली बार हवाई यात्रा कर मुंबई पहुंचे थे जहां उन्हें सुधीर कुमार के चमड़े के व्यवसाय को देखने का मौका मिला। रामचेत ने कहा, सुधीर कुमार का व्यवसाय विदेशों तक फैला हुआ है तथा उनके यहां नए-नए डिजाइन के बैग और सैंडल बनाए जाते हैं।

## न्यूज अपडेट

### झारखंडः एनटीपीसी अधिकारी की हत्या के मामले में दो और आरोपियों को हिरासत में लिया गया

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के एक अधिकारी की हत्या के मामले में दो और लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एनटीपीसी के 'केरेडारी कोल माइंस' में उप महाप्रबंधक (डिस्पैच) के पद पर तैनात कुमार गौरव (40) की हत्या के सिलसिले में अब तक कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया, 'आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारियां की जाएंगी।' पुलिस ने बताया कि गौरव शनिवार की सुबह हजारीबाग स्थित अपने आवास से कोयला खदान की ओर जा रहे थे तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो हथियारबंद लोगों ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह मोड़ के पास उनकी कार रोकी और उन्हें गोली मार दी। उसने बताया कि 'केरेडारी कोल माइंस' के कर्मचारी इस घटना के खिलाफ हड़ताल कर रहे हैं। वे सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### गोरखपुर में युवक की चाकू घोंपकर हत्या, शव को 400 मीटर तक घसीटा गया

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गोला थाना इलाके में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी और उसके शव को 400 मीटर तक घसीटकर गेहूं के खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के खिरकिटा दुबे गांव निवासी सत्यम (24) की शुक्रवार की रात चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी। उसके शव को 400 मीटर तक घसीटकर गेहूं के खेत में फेंक दिया गया। पुरानी रंजिश से जुड़ी इस हत्या के बाद उसके परिवार ने विरोध प्रदर्शन किया और न्याय तथा आर्थिक सहायता की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर इस मामले में सात लोगों को नामजद किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने रविवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना से जुड़ी जानकारी ली और मामले को जल्द सुलझाने के निर्देश दिए।ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने पहले तो पुलिस को शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोका, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद वे शांत हो गए। गोला थाने में दर्ज करायी गयी शिकायत के अनुसार सत्यम शुक्रवार रात को घर से निकला था। उसके परिवार ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसने फोन काट दिया। अगले दिन शनिवार को उसका शव सरकारी ट्यूबवेल के पास मिला। पुलिस को संदेह है कि सत्यम पर घात लगाकर हमला किया गया, उसके साथ मारपीट की गई और फिर उसे चाकू घोंप दिया गया। सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे सत्यम का आरोपियों से झगड़ा हुआ था। यह झगड़ा 2022 में रामलीला मेले में हुए विवाद से जुड़ा था।

### अयोध्या में शादी के कुछ घंटों के बाद पति ने पत्नी की हत्या कर आत्महत्या की

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या जिला मुख्यालय के छावनी थाना क्षेत्र में एक दूल्हे ने अपने विवाह समारोह के कुछ ही घंटों बाद अपनी दुल्हन की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना अयोध्या छावनी थाना क्षेत्र के सआदतगंज इलाके में हुई। उसने बताया कि प्रदीप और शिवानी की शादी शनिवार की सुबह हुई थी। उसने बताया कि शनिवार दोपहर को बारात के दूल्हे के घर लौटने के बाद पूरे दिन विवाह संबंधी पारंपरिक रस्में निभाई गईं और देर रात दूल्हा एवं दुल्हन अपने कमरे में चले गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राज करण नैयर ने कहा, 'रविवार की सुबह जब बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी नव दंपति ने कोई जवाब नहीं दिया, तो परिवार के सदस्यों ने दरवाजा तोड़ा। उन्होंने पाया कि शिवानी का शव बिस्तर पर और प्रदीप का शव पंखे से लटका हुआ था।' उन्होंने कहा कि कमरा अंदर से बंद था इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि दूल्हे ने आत्महत्या करने से पहले दुल्हन की हत्या की। एसएसपी ने कहा, 'शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और हम उसकी रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले की जांच जारी है।'

### फिरोजाबाद में सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

**फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के टूंडला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने और फिर एक अन्य कार से टक्कर होने के कारण एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मृतक कानपुर के निवासी थे, जो मथुरा जिले के बरसाना की विश्व प्रसिद्ध होली देखकर लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टूंडला के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने बताया कि टूंडला थाना क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव उसैनी के पास ओवर ब्रिज पर यह हादसा हुआ। कानपुर के किदवई नगर का एक परिवार शनिवार को बरसाना की होली देखने मथुरा गया था और ये लोग रविवार को वापस लौट रहे थे। टूंडला थाना क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क के दूसरी तरफ चली गई और फिर एक अन्य कार से भी टकरा गई। उन्होंने बताया कि दोनों मृतक एक ही कार में सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जिसमें से कार चालक देवेंद्र मिश्रा (43) और एक महिला बीना अग्रवाल (50) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### झारखंड में बकरियां चुराने के संदेह में ईंट भट्ठा मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले में बकरियां चुराने के संदेह में 40 वर्षीय एक मजदूर की कथित तौर पर लोगों के एक समूह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 11 बजे सदर पुलिस थानाक्षेत्र के गोवा गांव में हुई।अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सलीम खान के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश के दतिया जिले का रहने वाला था।सदर थाने के प्रभारी दुलार चौड़े ने बताया कि वह (खान) पिछले तीन महीने से ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहा था।चौड़े ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर को लोगों के चंगुल से छुड़ाया।उन्होंने बताया कि खान को लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अधिकारी ने बताया कि मामले के संबंध में पूछताछ के लिए छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि खान ने शनिवार रात को बकरियां चुराने के लिए कुछ घरों में सेंध लगाई।अधिकारी के मुताबिक, खान के छोटे भाई जमील खान ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई शराब पीने के लिए गोवा गांव गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने उस पर बकरी चोर होने का आरोप लगाया और उसकी पिटाई शुरू कर दी।

### बुलंदशहर में सूटकेस के अंदर महिला का शव मिला

**बुलंदशहर (उप्र) :** पुलिस ने बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के भाऊखेड़ा गांव के पास रविवार को एक सूटकेस में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया। पुलिस की एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पूर्णिमा सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने एक खेत में एक सूटकेस पड़ा देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सिंह ने बताया कि सूटकेस खोलने पर उसमें एक महिला का शव मिला। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विसरा को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच जारी है।

### उप्र के संभल में तेज आवाज में अजान होने पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने लाउड स्पीकर कब्जे में लिया

**संभल (उप्र) :** संभल के चंदौसी क्षेत्र में तेज आवाज में अजान होने पर पुलिस ने मस्जिद के इमाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लाउड स्पीकर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को चंदौसी नगर के पंजाबीयान मोहल्ले की एक मस्जिद में मानक से अधिक ऊंची आवाज में लाउड स्पीकर से अजान दिए जाने की शिकायत मिली थी जिस पर मस्जिद के इमाम हाफिज शकील शम्सी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और ध्वनि प्रदूषण (विनियमन व नियंत्रण) नियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में भुवनेश्वर से 10 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** बिना किसी वैध दस्तावेजों के भारत में यात्रा करने के आरोप में रविवार को दस बांग्लादेशियों को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इनमें छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) रबी नारायण सत्पथी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर की। उन्होंने कहा, वे पासपोर्ट, वीजा या किसी वैध यात्रा दस्तावेज के बिना यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने (आरोपियों ने) बताया कि वे असम के धुबुरी के निकट एक तस्कर की मदद से अवैध रूप से सीमा पार कर आये थे। सत्पथी ने कहा कि वे यहां रहने के लिए भुवनेश्वर आये थे। पुलिस ने बताया कि उनके पास से सात मोबाइल फोन, कुछ बांग्लादेशी और कुछ भारतीय मुद्रा जब्त की गई है। विदेशी अधिनियम के तहतोक मामला दर्ज किया गया है।

### मुंबई : पानी की टंकी साफ करते समय दम घुटने से चार मजदूरों की मौत

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय रविवार को चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इससे पहले मृतकों की संख्या पांच बताई थी। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया, ''यह घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब 12.30 बजे हुई। पांच लोग टंकी की सफाई करने के लिए उसमें दाखिल हुए और बेहोश हो गए। उन्हें दमकल कर्मियों ने निकाला और जेजे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया।''

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर की 3.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 3.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति रविवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, ''मादक पदार्थ की तस्करी की समस्या को खत्म करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए पुलिस ने सोइबुघ क्षेत्र में एक तस्कर की अचल संपत्ति जब्त की है।'' उसने बताया कि आरोपी गुलाम अहमद डार उर्फ गुलसाका के नदिगाम गांव में 40 दुकानों वाले चार मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और चेक वजीर पानू गांव में करीब छह कनाल जमीन को कुर्क कर लिया गया है। पुलिस ने बताया, ''उक्त संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 3.50 करोड़ रुपये है। बडगाम पुलिस थाने में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 68-एफ के तहत दर्ज एक मामले के संबंध में यह कार्रवाई की गई है।''

### आंध्र प्रदेश: तेदेपा सांसद ने तीसरी संतान के रूप में लड़की होने पर 50,000 रुपये देने की पेशकश की

**विजयनगरम :** आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के एक लोकसभा सदस्य ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में हर तीसरी संतान के रूप में लड़की पैदा होने पर 50,000 रुपये देने का ऐलान किया। विजयनगरम के सांसद के. अप्पाला नायडू ने कहा कि वह नवजात बच्ची के नाम से सावधि जमा के रूप में यह धनराशि जमा करेंगे, जो उसकी शादी की उम्र तक 10 लाख रुपये तक हो सकती है। अप्पाला नायडू ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अगर तीसरी संतान के रूप में लड़का हुआ, तो हम एक गाय और एक बछड़ा देंगे। अगर तीसरी संतान लड़की हुई, तो हम 50,000 रुपये की सावधि जमा करेंगे। भारत की जनसंख्या बढ़नी चाहिए। सांसद ने कहा कि वह मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा जनसंख्या बढ़ाने के लिए किए गए आह्वान से प्रेरित हैं।

# सहकारिता मंत्रालय ने अब तक 60 पहल की, सहकारी समितियों का भविष्य उज्ज्वल : अमित शाह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है और उनके मंत्रालय ने अपने गठन के बाद से 60 से अधिक पहल शुरू की हैं। शाह ने अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक के स्वर्णिम शताब्दी समापन समारोह को संबोधित करते हुए एडीसी को छोटे लोगों के लिए एक बड़ा बैंक बताया, जिसने पीढ़ियों से लाखों किसानों और पशुपालकों के जीवन में समृद्धि लाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''जब से (मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की



है) तब से इसने 60 से अधिक पहल की हैं। हमने पांच वर्षों में दो लाख प्राथमिक सहकारी समितियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया है। इसमें सेवा सहकारी समितियां और प्राथमिक दूध उत्पादक सहकारी समितियां शामिल हैं, जो सहकारी आंदोलन की नींव हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है। शाह ने कहा कि देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होनी चाहिए, जिसमें प्राथमिक सेवा सहकारी समिति या प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति न हो। उन्होंने कहा कि समितियों के संविधान में अनेक आदर्श उपनियम बनाकर उन्हें अनेक नए कार्यों से जोड़ा गया है।

### सीता माता का भव्य मंदिर बनेगा, जो दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की रविवार को सराहना की और कहा कि इस क्षेत्र का प्राचीन काल से ही लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है। यहां 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी वादा किया कि सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह बताएगा कि जीवन कैसे हर तरह से आदर्श होना चाहिए।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला: नड्डा



**अगरतला :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा, भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं। भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना : योग गुरु रामदेव ने की निंदा



**नागपुर :** पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक एवं योग गुरु रामदेव ने कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर को विरूपित करने की घटना की निंदा करते हुए रविवार को कहा कि भारत को ''धार्मिक आतंकवाद'' पर अंकुश लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। रामदेव ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज लोगों के आदर्श हैं, न कि मुगल सम्राट औरंगजेब। कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने विरूपित किया और दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिख दिये। यह अमेरिका में समुदाय के पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की एक नई घटना है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया। चीनो हिल्स लॉस एंजिलिस काउंटी की सीमा पर है। भारत ने रविवार को इस घटना की कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ 'कड़ी कार्रवाई' की मांग की। नयी दिल्ली ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा की भी मांग की।

## भाजपा के 'जय श्री राम' के जवाब में उद्धव ने 'जय शिवाजी, जय भवानी' का समर्थन किया

**मुंबई :** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया और अपने समर्थकों से सत्तारूढ़ पार्टी के पसंदीदा 'जय श्री राम' नारे का जवाब 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' से देने को कहा। वह यहां एक कार्यक्रम में शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''अगर कोई 'जय श्री राम' कहता है, तो 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' के जवाब के बिना उसे जाने न दें।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने हमारे समाज में जहर घोल दिया है। उन्होंने हमारे समाज के साथ जो किया है, उसके लिए मैं भाजपा को माफ नहीं



करूंगा।'' ठाकरे ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों पर भाजपा के रुख का हवाला देते हुए देश के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा नेता एक समय पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों का विरोध करते थे, वहीं भारत अब पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा है। शिवसेना प्रमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाल ही में विधानसभा में दिए गए उस कटाक्ष का भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था, ''मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं।'' पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर फडणवीस उनका अनुकरण करना चाहते हैं तो उन्हें किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा करनी चाहिए और 10 मार्च को पेश होने वाले बजट में 'शिव भोजन' और 'लाडकी बहिन' योजनाओं जैसी पहलों के लिए संशोधित धनराशि आवंटित करनी चाहिए।

## बांसवाड़ा के गांव में चर्च को हिंदू मंदिर बनाया गया, ग्रामीण भी 'स्वेच्छा' से हिंदू धर्म में लौटे




**जयपुर :** राजस्थान के आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के एक गांव में रविवार को एक चर्च को हिंदू मंदिर में बदल दिया गया और वहां एक हिंदू देवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी गई। इसके साथ ही सालों पहले ईसाई धर्म को अपनाने वाले गांव के लोग भी हिंदू धर्म में वापस आ गए। बांसवाड़ा के पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन के अनुसार, चर्च का पादरी गौतम गरासिया अब मंदिर का पुजारी होगा। उन्होंने बताया कि उसने सालों पहले ईसाई धर्म अपना लिया था और गांगड़तलाई क्षेत्र के सोडला गुदा गांव में चर्च का निर्माण कराया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया, ''करीब डेढ़ साल पहले उसने अपनी निजी जमीन पर चर्च बनवाया था। आज उसने कहा कि हिंदू धर्म में लौटने के बाद उसकी निजी जमीन पर निर्मित ढांचा भी अब मंदिर बन गया है।'' जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित गांव के निवासी गरासिया ने कहा कि उसके गांव के अधिकतर लोगों ने ईसाई धर्म अपनाया था लेकिन अब वे अपनी 'इच्छानुसार' हिंदू धर्म में लौट आए हैं। उसने बताया कि रविवार को मंदिर में भगवान भैरव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 'जय श्री राम' के नारों के साथ मूर्ति को सिर पर रखकर एक जुलूस भी निकाला गया। गरासिया ने कहा कि गांव वालों के हिंदू धर्म में लौटने के बाद उन्होंने 'सर्वसम्मति' से चर्च को भैरव मंदिर में तब्दील करने का फैसला किया और उसके बाद ढांचे को गेरूए रंग में रंग दिया गया। साथ ही उसके ऊपर लगा 'क्रास' भी हटा दिया गया। दीवारों पर हिंदू धार्मिक प्रतीक भी चित्रित किए गए। इस दौरान इलाके में पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। गौतम गरासिया ने कहा कि अब से रविवार की प्रार्थना के बजाय मंदिर में हर सुबह और शाम भगवान भैरव की 'आरती' होगी।

## कठुआ तिहरे हत्याकांड की जांच के लिए पुलिस टीम गठित, सभी पहलुओं की होगी जांच : डीआईजी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में एक झरने के पास तीन व्यक्तियों के शव मिलने की घटना की जांच के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कठुआ-सांबा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं पर गौर किया जाएगा और जांच के नतीजे जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। वरुण सिंह (15), उसके चाचा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को कठुआ जिले के सुदूर मल्हार इलाके में ईशू नाले से बरामद किए गए थे। तीनों पांच मार्च को एक विवाह समारोह से लापता हो गए थे। डीआईजी कुमार ने कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोभित सक्सेना और अतिरिक्त उपायुक्त विनय खोसला के साथ बिलावर में मल्हार, मलाड, मरहून, देओटा और आसपास के क्षेत्रों के प्रदर्शनकारी स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। कुमार ने बिलावर में संवाददाताओं से कहा, ''मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। इसके साथ ही लोग सुरक्षित महसूस करें इसके लिए ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मजबूत किया जाएगा। जो लोग सुरक्षा ग्रिड का हिस्सा बनना चाहते हैं, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) के कई जवान पहले से ही क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वहां मौजूद हैं। अधिकारी ने कहा, ''टीमें मामले के हर पहलू पर काम कर रही हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। हमें उम्मीद है कि नतीजे बहुत जल्द सबके सामने होंगे।'' उन्होंने कहा कि वास्तव में क्या हुआ, यह जांच का विषय है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, जानकारी साझा की जाएगी। इस बीच, कठुआ के एक अस्पताल में विशेष रूप से गठित चिकित्सकों की टीम ने मृतकों का पोस्टमार्टम किया और शवों को अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## ओडिशा सरकार ने जारी की एडवाइजरी, दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार ने रविवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के दिन के तापमान में वृद्धि के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी जिला कलेक्टर को परामर्श जारी किया है। मौसम बुलेटिन में आईएमडी ने कहा कि राज्य में अगले चार से पांच दिनों के दौरान दिन के तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, सोनपुर, बौध और बोलांगीर जिलों के अलग-अलग स्थानों पर अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होने की संभावना है। इस पूर्वानुमान को देखते हुए, ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) कार्यालय ने जिला कलेक्टरों को जनता के बीच गर्म मौसम की चेतावनी संबंधी संदेश प्रसारित करने की सलाह दी। हालांकि गर्मी आम लोगों के लिए सहनीय है, लेकिन शिशुओं, बुजुर्गों, बीमार एवं कमजोर लोगों के लिए यह स्वास्थ्य संबंधी चिंता पैदा कर सकती है। जिला कलेक्टरों को लोगों को सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे के बीच घरों से बाहर निकलते समय उचित एहतियाती उपाय करने की सलाह देने के लिए कहा गया है। आईएमडी के अनुसार, रविवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान बौध में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि टिटलागढ़ में यह 38 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य स्थान जहां दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा है उनमें झारसुगुड़ा, भवानीपटना, बोलांगीर एवं सोनपुर शामिल है।

## ओडिशा : ओलिव रिडले कछुओं ने 33 साल बाद एकाकुलानासी द्वीप पर अंडे दिए

**केंद्रपाड़ा :** ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य के एकाकुलानासी द्वीप पर लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुए फिर से दिखाई दिए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 33 वर्षों के अंतराल के बाद यह कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने और उन्हें सेने के लिए आए हैं। सहायक वन संरक्षक मानस दास ने कहा, ''द्वीप का रमणीय समुद्र तट समुद्री कटाव से प्रभावित हुआ, जिसके कारण समुद्र तट का स्वरूप छोटा हो गया। हालांकि, 2020 से इसमें वृद्धि शुरू हुई और अब समुद्र तट का पहले की तुलना में विस्तार हुआ है। यह कछुओं के लिए अंडे देने के लिए सामूहिक रूप से आने के लिए अनुकूल साबित हुआ है।'' दास ने कहा कि कछुओं की यह समुद्री प्रजाति आखिरी बार 1992 में समुद्र तट पर दिखाई दी थी, जब तीन लाख कछुओं ने अंडे दिए थे। उन्होंने कहा, ''यह ओडिशा वन विभाग के नेतृत्व में चल रही कछुआ संरक्षण पहल में एक अत्यंत सकारात्मक प्रगति है।''

## दिल्ली में पीएम-उदय के तहत 400 से अधिक महिलाओं ने मालिकाना हक के लिए आवेदन किया : एलजी कार्यालय

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम-उदय योजना के तहत शहर की अनधिकृत कॉलोनियों में 400 से अधिक महिलाओं ने अपनी संपत्ति के मालिकाना हक के लिए आवेदन किया। राज निवास के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उपराज्यपाल कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित 10 शिविरों में अनधिकृत कॉलोनियों से संबंधित कुल 432 आवेदनों में से 285 का सफलतापूर्वक समाधान किया गया और 101 महिलाओं को स्वामित्व के दस्तावेज सौंपे गए। प्रधानमंत्री दिल्ली आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय), दिल्ली में 1,731 अधिसूचित अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करने की एक योजना है। ये अधिकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (अनधिकृत कॉलोनियों में निवासियों के संपत्ति अधिकारों की मान्यता) विनियमन, 2019 के अनुसार दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संपत्ति अधिकार प्रदान किए जाने से इन कॉलोनियों के निवासियों को बिना किसी बाधा के संपत्ति बेचने और खरीदने में मदद मिलती है।

## दिल्ली पुलिस ने 156 किलोग्राम गांजा बरामद किया, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 156 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 78 लाख रुपये है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हाल ही में विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की। 24 फरवरी को राजा गार्डन पुल के पास जाल बिछाया गया। इस दौरान राजस्थान के रहने वाले विजय सिंह




(43) को रोका गया और उसकी एसयूवी की तलाशी ली गई, जिसमें 75 प्लास्टिक की बोरियों में गांजा भरा हुआ था।'' पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान विजय ने बताया कि वह मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले विनीत नामक व्यक्ति के लिए काम करता है और नागपुर से मादक पदार्थ खरीदता है। उसने बताया कि आरोपी का मुख्य काम दिल्ली के सोनिया विहार निवासी अमित को मादक पदार्थ की खेप पहुंचाना था। अमित को 28 फरवरी को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अमित, विनीत का करीबी रिश्तेदार था और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संभावित खरीदारों को गांजा पहुंचाता था। उसने बताया कि अमित पहले भी अपराधों में शामिल रह चुका है। वह आबकारी से संबंधित चार मामलों और बलात्कार के एक मामले में भी संलिप्त था।

## बोफोर्स मामला : पत्रकार ने 'सबूतों के डिब्बे' में से मिली जानकारी को सार्वजनिक करने की मांग की

**नयी दिल्ली :** पत्रकार और लेखिका चित्रा सुब्रमण्यम ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से मांग की है कि वह बोफोर्स कांड में रिश्वत के संबंध में स्विट्जरलैंड से प्राप्त ''सबूतों के डिब्बे'' से मिली जानकारी को सार्वजनिक करे, जिसके बारे में पूर्व अधिकारियों ने कहा है कि इसका इस्तेमाल जांच में किया गया था और आरोपपत्र में साक्ष्य के रूप में अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में 'बोफोर्सगेट: ए जर्नलिस्ट्स परस्यूट ऑफ ट्रुथ' की लेखिका सुब्रमण्यम ने कहा, ''हमें बताया जाना चाहिए कि डिब्बा किसने खोला, कब खोला गया,



डिब्बे में क्या था?'' उन्होंने यह भी आश्चर्य जताया कि क्या सौदे में कमीशन 18 प्रतिशत था, जैसा कि स्वीडन की फर्म बोफोर्स द्वारा भारत सरकार को दिए गए सबूतों से पता चलता है। सुब्रमण्यम ने कहा, ''दूसरी बात, उस समय रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज ने 1999 के अंत में मुझे यह क्यों बताया कि उन्हें बृजेश मिश्रा ने डिब्बा न खोलने के लिए कहा था?'' इस मुद्दे पर अपने रुख पर अडिग रहीं सुब्रमण्यम ने कहा, ''सीबीआई वही कह रही है जो उसे कहना है। मुझे वही कहना है जो मुझे कहना है।'' राजस्थान पुलिस के पूर्व महानिदेशक ओ पी गलहोत्रा, जिन्होंने सीबीआई में अपने कार्यकाल के दौरान बोफोर्स मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने कहा कि एजेंसी ने स्विट्जरलैंड से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' के सवालों के जवाब में कहा, ''यह समझना महत्वपूर्ण है कि इन दस्तावेजों को स्विट्जरलैंड की अदालत से भारतीय अदालत को सौंपा गया था, और निर्दिष्ट अदालत के निर्देश पर (सबूतों के) डिब्बे खोले गए थे।''

## आतंकवाद को जम्मू क्षेत्र में सिर उठाने नहीं दिया जाएगा: नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा

**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक झरने के पास से तीन शव बरामद होने के एक दिन बाद रविवार को कहा कि कश्मीर में दफन हो चुके आतंकवाद को जम्मू में सिर उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शर्मा ने कठुआ के बिलावर क्षेत्र में हुई हत्याओं की निंदा करने के लिए एकत्रित प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने एक नया तरीका अपनाया है, जिसके तहत वे लोगों की केवल हत्या करने के लिए नहीं बल्कि भ्रम पैदा करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। शर्मा ने पार्टी विधायकों सतीश शर्मा और राजीव जसरोटिया के साथ



बिलावर का दौरा किया। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घटना के बारे में जानकारी दी जिन्होंने उनसे बिलावर के लोगों को यह बताने के लिए कहा कि वह उनके साथ खड़े हैं। इस बीच, पूर्व सांसद चौधरी लाल सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने क्षेत्र में जाने से रोक दिया, जिसका पार्टी ने कड़ा विरोध किया। वरुण सिंह (15), उसके चाचा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को कठुआ जिले के सुदूर मल्हार इलाके में ईशू नाले से बरामद किए गए थे। तीनों पांच मार्च को एक विवाह समारोह से लापता हो गए थे। शर्मा ने बिलावर के फिंतर चौक पर उप-स्थित लोगों से कहा, ''हम एक नया तरीका देख रहे हैं, जिसमें आतंकवादी लोगों को मारने के लिए हथियारों का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं...यह भ्रम पैदा करने के लिए किया गया कृत्य है। जम्मू क्षेत्र को पाकिस्तान के इशारे पर जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, जो भारत के विश्व शक्ति बनने में बाधा डालना चाहता है।''

